(स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं निर्भीक राष्ट्रीय हिन्दी समाचार पत्र)



हिन्दी दैनिक

# बुद्ध का संदेश

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

रश्मिका मंदाना ने इंडस्ट्री ...8



रविवार, 02 जनवरी 2022 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 09 अंकः 14 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

## भारत में आया रिकॉर्ड विदेशी निवेश, जीएसटी कलेक्शन में भी पुराने रिकॉर्ड हुए ध्वस्तः पीएम मोदी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को पीएम किसान सम्मान निधि की 10वीं किस्त सीधे किसानों के खातों में हस्तांतरित की। इस दौरान उन्होंने वैष्णो देवी में हुए हादसे पर सबसे पहले दुख जताया। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने भगदड़ में अपनों को खोया है, जो घायल हैं मेरी संवेदनाएं उनके साथ हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार, जम्मू–कश्मीर प्रशासन के लगातार संपर्क में है। मेरी लेफ्टिनेंट गवर्नर मनोज सिन्हा जी से भी बात हुई है। राहत के काम का, घायलों के उपचार का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज देश के करोड़ो किसान परिवारों को, विशेषकर छोटे किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 10वीं किस्त मिली है। किसानों के बैंक खातों में 20 हजार करोड़ रूपए ट्रांसफर किए गए हैं। आज हमारे किसान, किसान उत्पाद संघ इससे जुड़े किसानों को आर्थिक सहायता भी भेजी गई है। उन्होंने कहा कि आज जब हम नव वर्ष में प्रवेश कर रहे हैं, तब बीते साल के अपने प्रयासों से प्रेरणा लेकर हमें नए संकल्पों की तरफ बढ़ना है। इस साल हम अपनी आजादी के 75 वर्ष पूरे करेंगे। ये समय देश के संकल्पों की एक नई जीवंत यात्रा शुरू करने का है। भारत में आया रिकॉर्ड विदेशी निवेशः प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कितने ही लोग देश के लिए अपना जीवन खपा रहे हैं, देश को बना रहे हैं। ये काम पहले भी करते थे, लेकिन इन्हें पहचान देने का काम अभी हुआ है। हर भारतीय की शक्ति आज सामूहिक रूप में परिवर्तित होकर देश के विकास को नई गति और नई ऊर्जा दे रही है। उन्होंने कहा कि आज हमारी अर्थव्यवस्था की विकास दर 8 प्रतिशत से भी ज्यादा है।



भारत में रिकॉर्ड विदेशी निवेश आया है। हमारा विदेशी मुद्रा भंडार रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा है। जीएशटी कलेक्शन में भी पुराने रिकॉर्ड ध्वस्त हुए हैं। निर्यात और विशेषकर कृषि के मामले में हमने नए प्रतिमान स्थापित किए हैं। आज हमारा देश अपनी विविधता और विशालता के अनुरूप ही हर क्षेत्र में विकास के भी विशाल कीर्तिमान बना रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 2021 में भारत ने करीब–करीब 70 लाख करोड़ रुपए का लेन–देन सिर्फ यूपीआई से किया है। आज भारत में 50 हजार से ज्यादा स्टार्ट–अप्स काम कर रहे हैं। इनमें से 10 हजार से ज्यादा स्टार्ट्स अप्स तो पिछले 6 महीने में बने हैं। बेटियों के लिए खुले सैनिक स्कूलः प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 2021 में भारत ने अपने सैनिक स्कूलों को बेटियों के लिए खोल दिया। 2021 में भारत ने नेशनल डिफेंस एकेडमी के द्वार भी महिलाओं के लिए खोल दिए हैं। 2021 में भारत ने बेटियों की शादी की उम्र को 18 से बढ़ाकर 21 साल यानि बेटों के बराबर करने का भी प्रयास शुरू किया।

## चुनाव से पहले अखिलेश का बड़ा ऐलानः यूपी में बनी सपा की सरकार तो 300 यूनिट फ्री मिलेगी बिजली

उत्तर प्रदेश में विधानसभा के चुनाव होने है। ऐसे में सभी राजनीतिक दल अपने–अपने स्तर से जनता को लुभाने की कोशिश कर रहे हैं। इसी कड़ी में समाजवादी पार्टी के प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश के लोगों के लिए बड़ा ऐलान किया है। अपने ऐलान में अखिलेश यादव ने कहा कि अगर उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनी तो उपभोक्ताओं को 300 यूनिट मुफ्त में बिजली मिलेगी। इसके साथ ही अखिलेश यादव ने एक और बड़ा ऐलान किया है। किसानों को अपने पाले में करने के लिए अखिलेश ने कहा है कि सपा सरकार बनने पर पूरी सिंचाई मुफ्त में होगी। आपको बता दें कि फ्री बिजली की पॉलिटिक्स दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल खूब करते हैं। लेकिन इस बार अखिलेश यादव ने उनके फार्मूले को उत्तर प्रदेश में जनता को



लुभाने के लिए लपक लिया है। इसके साथ ही समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष ने भाजपा सरकार पर जबरदस्त तरीके से निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मुकाबला नहीं कर पाने की वजह से भाजपा अब उनके कार्यकर्ताओं को झूठे मुकदमों में फंसाने लगी है। उन्होंने कहा कि जब से भाजपा की सरकार आई है तब से सबसे ज्यादा समाजवादी पार्टी के लोगों पर मुकदमा किए गए हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष को परेशान एवं अपमानित करने के लिए केंद्रीय एजेंसियों को भेजा जा रहा है हाल में इत्र व्यापारियों पर हुई छापेमारी को लेकर अखिलेश यादव ने बड़ा बयान दिया है। अखिलेश यादव ने कहा कि एक छापा ऐसा पड़ा कि देश के लोग नोटों की गड्डीयां देख रहे थे। हमने देखा कि कहीं इससे (कानपुर का इत्र व्यापारी) हमारा संबंध तो नहीं। पक्का हुए तब कहा कि यह डिजीटल इंडिया की गड़बड़ी है। इनको (ठश्रच) छापा समाजवादियों के यहां मारना था और छापा मारा अपने लोगों पर उन्होंने कहा कि पीयूष जैन पर छापा पड़ा और जब सच्चाई सामने आई तो भारतीय जनता पार्टी खुद बदनाम हो गई।

## अखिलेश के फ्री वाले दांव पर योगी बोले जब बिजली ही नहीं देते थे तो मुफ्त में क्या देंगे

उत्तर प्रदेश में राजनीतिक घमासान बढ़ता जा रहा है। सभी पार्टियां जनता को लुभाने की लगातार कोशिश कर रही हैं। इसी कड़ी में मुख्य विपक्षी पार्टी समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बड़ा ऐलान करते हुए सपा सरकार बनने की स्थिति में 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने का ऐलान कर दिया। इसी को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अखिलेश यादव पर प्रहार किया है। रामपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए योगी ने कहा कि समाजवादी पार्टी के बबुआ कह रहे हैं कि मुफ्त में बिजली देंगे। उनसे पूछा जाना चाहिए कि जब सरकार में थे तो बिजली ही नहीं देते थे तो मुफ्त में क्या देंगे।



योगी ने अपना तंज जारी रखते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार के दौरान लोगों को भारी–भरकम बिल थमा दिया जाता था। लेकिन हमारी सरकार ने हर व्यक्ति का अधिकार उसको दिया है। उन्होंने कहा कि हमने बिजली को लेकर काफी काम किया है और हम हर घर बिजली पहुंचाने को लेकर प्रतिबद्ध है। सपा पर हमला करते हुए योगी ने कहा कि पहले सरकारी नौकरियां निकलती थी तो चाचा–भतीजे का गैंग वसूली करने निकल जाता था और भर्तियां रुक जाती थी। लेकिन हमारी सरकार ने 4 लाख सरकारी नौकरियां दी है।

योगी ने रामपुरी चाकू का जिक्र करते हुए कहा कि अगर अच्छे लोगों के पास शस्त्र होगा तो देश और धर्म की रक्षा के लिए उसका उपयोग करेगा अगर गलत लोगों के हाथों में होगा तो लूट खसोट, गरीबों की और दलितों की संपत्तियों पर कब्जा करने में उसका दुरुपयोग करेगा। रामपुर का चाकू जो कभी रक्षा के काम आता था। समाजवादी पार्टी की सरकार में दलितों की जमीनों पर गरीबों की संपत्तियों पर कब्जा करने का वह माध्यम बन गया था। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पहले हर तीसरे दिन एक दंगा होता था। आज किसी भी दंगाई की हिम्मत नहीं है कि उत्तर प्रदेश में ऐसा कुछ कर सके।

## वैष्णो देवी मंदिर में मची भगदड़ में 12 लोगों की मौत

जम्मू। वैष्णो देवी तीर्थ क्षेत्र में मची भगदड़ में शनिवार को 12 लोगों की मौत हो गई और कम से कम 20 लोग जख्मी हो गए। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। इसी बीच केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह कटरा के नारायणा अस्पताल पहुंचे। जहां पर उन्होंने जख्मी लोगों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि यहां भर्ती हुए लोगों की हालत स्थिर है। हम यात्रा के लिए कुछ तकनीकी समाधान जोड़ सकते हैं। पहले लोग त्योहारों के दौरान दरगाह पर जाते थे, आजकल युवा साल के पहले दिन मंदिर जाना चाहते हैं, प्रधानमंत्री मोदी स्थिति की निगरानी कर रहे हैं। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक केंद्रीय मंत्री ने बताया कि ये संतोषजनक बात है कि यहां पर भर्ती लोगों की हालत स्थिघर है। आईसीयू में 6 लोग भर्ती हैं जिनमें से 2 लोगों को छुट्टी दी जा सकती है। 4 व्यक्ति जनरल वार्ड में हैं वो भी छुट्टी देने के काबिल हो जाएंगे। कुछ युवाओं के बीच हुई कहासुनीः जम्मू–कश्मीर के पुलिस महानिदेशक दिलबाग सिंह ने बताया कि कुछ युवाओं के बीच मामूली कहासुनी की वजह से भगदड़ की स्थिति उत्पन्न हुई, जिसमें दुर्भाग्य से 12 लोगों की मौत हो गई। समाचार एजेंसी भाषा से बातचीत में दिलबाग सिंह ने बताया कि घटना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है और पुलिस एवं अन्य अधिकारियों ने स्थिति पर समय रहते काबू पा लिया।






## नहीं गंवाई कोरोना में किसी ने अपनी जान

### गांव के लोगों ने करवाया अपना मुंडन

भोपाल। मध्य प्रदेश के नीमच जिले के मनासा तहसील के गांव देवरी खवासा से एक अनोखा दृश्य देखने को मिला है। कोरोना काल मे गांव में किसी भी व्यक्ति की कोरोना से मौत नहीं हुई। इस खुशी में गांव के करीब 100 लोगों ने अपना सामूहिक मुंडन करवाया। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। आपको बता दें कि इस पूरे आयोजन को ढोल नगाड़ों के साथ उत्साह से मनाया गया। गांव के देवनारायण मंदिर से जुलूस निकला जो गांव के सभी मंदिरों पर पहुंचा। जहां सभी मंदिरों में ग्रामीणों ने देवी देवताओं की पूजा आराधना की। और साथ ही साथ जुलूस में ग्रामीण ढोल नगाड़ों की थाप पर झूमते गाते नजर आए और ईश्वर का धन्यवाद दिया गया। वहीं इस आयोजन की खास बात यह रही कि इसमें सभी जाति वर्ग के लोग बिना किसी भेदभाव के शामिल हुए। आमतौर पर किसी की मृत्यु होने पर मुंडन किया जाता है। लेकिन ग्रामीणों ने इस खुशी के रूप में यह मुंडन करवाया कि गांव में कोरोना से एक भी मौत नहीं हुई। जानकारी मिली है कि ग्रामीणों ने भगवान के सामने मन्नत ली थी कि यदि गांव के किसी भी व्यक्ति की पूरे वर्ष में कोरोना से मौत नहीं होती है। तो गांव के प्रत्येक घर से एक व्यक्ति अपना मुंडन करवाएगा। इस वर्ष किसी भी व्यक्ति की कोरोना से मौत नहीं हुई। और इसी खुशी में वर्ष के अंतिम दिन 31 दिसंबर को सभी ने सामूहिक रूप से अपना मुंडन करवाया। वहीं इस सामूहिक मुंडन कार्यक्रम में लोग बड़ी संख्या में पहुंचे जिसमें 15 वर्ष के बच्चों से लेकर 70 वर्ष के बुजुर्ग शामिल थे। सभी ने खुशी–खुशी मुंडन करवाया और भगवान देवनारायण मंदिर में जाकर उनका आशीर्वाद लिया उनका आभार माना।



### सिद्धू के साथ जारी रार के बीच बोले सीएम चन्नी

## जहां भी जाएंगे मैं आपका अनुसरण करता रहूंगा

चंडीगढ़। पंजाब कांग्रेस प्रमुख नवजोत सिंह सिद्धू के साथ जारी खींचतान के बीच मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने नरम रुख अपनाया है। उन्होंने नवजोत सिंह सिद्धू के साथ संबंधों से जुड़े सवाल पर कहा कि आप जहां भी जाएंगे मैं आपका अनुसरण करता रहूंगा। मैं उनके साथ काम करना जारी रखूंगा। मैं पार्टी के लिए हर कुर्बानी देने के लिए तैयार रहता हूं। समाचार एजेंसी एएनआई ने मुख्यमंत्री चन्नी का वीडियो साझा किया है, जिसमें उन्होंने पंजाबी में इसका संबंधों से जुड़े सवाल पर बयान दिया। दरअसल, श्गीली पैंटश वाले बयान को लेकर दोनों नेताओं के बीच रार चल रही थी। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को पुलिसकर्मियों से कहा था कि वे इस बात की चिंता न करें कि कौन क्या बोल रहा है और अपराधियों की पतलून उन्हें देखकर गीली हो जाती है। मुख्यमंत्री चन्नी के इस बयान को नवजोत सिंह सिद्धू पर तंज माना जा रहा है। क्योंकि सिद्धू ने हाल में पार्टी के दो नेताओं की प्रशंसा करते हुए कहा था कि वे पुलिसकर्मियों तक की पैंट गीली कर देते हैं। हालांकि, सिद्धू ने बाद में अपने बयान को लेकर सफाई भी दी थी। उन्होंने कहा था कि उनका अभिप्राय कांग्रेस नेताओं के प्राधिकार को लेकर था। पंजाब सशस्त्र पुलिस परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री चन्नी ने कहा था कि पुलिसकर्मी अपनी ड्यूटी इस बात से बेपरवाह होकर करें कि कौन क्या कहता है।ऐसे 100 लोग हो सकते हैं, जो मेरे खिलाफ कुछ भी कहते हैं, लेकिन मैं सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ रहा हूं। आपको बता दें कि अगले साल पंजाब में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं लेकिन इससे पहले दोनों नेताओं के बीच मामला उलझता हुआ दिखाई दे रहा था लेकिन अब मुख्यमंत्री चन्नी के नरम रुख अपनाते हुए उनके अनुसरण में आगे बढ़ने की बात कही है।



## देश में ओमाइक्रोन की संख्या बढ़कर 1,431 हुई

### 454 मामलों के साथ महाराष्ट्र में सर्वाधिक मामले दर्ज

नयी दिल्ली। भारत में कोरोना वायरस के नए स्वरूप 'ओमीक्रोन' के 161 नए मामले सामने आने के बादइस स्वरूप के मामलों की संख्या बढ़कर 1,431 हो गई है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार सुबह अद्यतन आंकडों में यह जानकारी दी। ओमीक्रोन स्वरूप के 1,431 मामले 23 राज्यों तथा केन्द्रशासित प्रदेशों में सामने आए हैं और इनमें से 488 लोग या तो स्वस्थ हो गए हैं, या देश से चले गए हैं। महाराष्ट्र में संक्रमण के सबसे अधिक 454 मामले सामने आए हैं और इसके बाद दिल्ली में 351,केरल में 118 और गुजरात में 115 मामले सामने आए हैं। मंत्रालय के अनुसार, देश में कोविड–19 के दैनिक मामले 65 दिन बाद 16,000 से अधिक के आंकडे को पार कर गए, जिससे देश में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 3,48,61,579 हो गई है। वहीं, उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 1,04,781 हो गई है। भारत में कोरोना वायरस संक्रमण के 22,775 नए मामले सामने आए हैं तथा मृतकों की संख्या बढ़कर 4,81,080 हो गई है। देश में छह अक्टूबर को 24 घंटे में संक्रमण के 22,431 नए मामले सामने आए थे। वहीं, 30 नवंबर को उपचाराधीन रोगियों की संख्या एक लाख के पार चली गई थी। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि उपचाराधीन मामले संक्रमण के मामलों का 0.30 प्रतिशत हैं, जबकि संक्रमणमुक्त होने की राष्ट्रीय दर 98.32 प्रतिशत है। इसने कहा कि पिछले 24 घंटे में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 13,420 की वृद्धि हुई है। देश में पिछले साल सात अगस्त को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त को 30 लाख और पांच सितंबर को 40 लाख से अधिक हो गई थी। वहीं, संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर को 50 लाख, 28 सितंबर को 60 लाख, 11 अक्टूबर को 70 लाख, 29 अक्टूबर को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे।



## हरियाणा के भिवानी में पहाड़ दरकने से हुआ बड़ा हादसा, कई लोगों के दबे होने की आशंका, एक की हुई मौत




हिसार। हरियाणा के भिवानी में एक खनन खदान में पहाड़ दरकने से बड़ा हादसा हो गया है। जिसमें कई लोगों के दबे होने की आशंका जताई जा रही है। राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दिया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक खनन में इस्तेमाल होने वाली कई मशीनें मलबे में दब गई। फिलहाल मौके पर पुलिस मौजूद है। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, भिवानी में एक खनन खदान में भूस्खलन हुआ। शुरुआती जानकारी में हरियाणा पुलिस ने बताया कि इस घटना में दो लोग घायल हो गए और कई लोग लापता हैं। बताया जा रहा है कि मलबे में 15–20 लोगों के फंसे हो सकते हैं। फिलहाल 3 लोगों को बचाया जा चुका है। जबकि एक व्यक्ति की मौत हो गई है। भिवानी की खदान में बड़े स्तर पर खनन कार्य होता है। प्रदूषण के चलते खनन कार्य पर 2 महीने की रोक लगी हुई थी।

# जिले के युवा समाजसेवियो द्वारा रात्रि कम्बल वितरण कर नये वर्ष का किया गया स्वागत

## लगातार 8 वर्षों से 31 दिसम्बर की रात्रि जिले के युवाओं द्वारा किया जाता है जरुरतमंदो को कम्बल वितरण







दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। प्रत्येक वर्ष की भाति इस वर्ष भी सामाजिक संस्था जनता का राज" द्वारा रात्रि में 250 किलो मीटर से भी अधिक दूरी तय करके जनपद के युवा साथियों के साथ पात्र व्यक्तियों को कम्बल वितरण किया गया। 31ध्12ध्2021 की रात्रि 7:00 बजे से 01ध्01ध्2022 की सुबह 6 बजे तक लगभग 11 घण्टे लगातार सफर करते हुये जनपद के युवा शक्ति के साथ गृह जनपद व अन्य जनपद के रेलवे स्टेशनों, शहरों एवं कस्बों में कम्बल वितरण का कार्य किया गया। रात्रि 7:00 बजे नौगढ़ से निकलकर बृजमनगंज स्टेशन व मार्केट से होते हुये– उस्का स्टेशन व मार्केट– नौगढ़ स्टेशन, बस स्टैंड, श्री सिहेश्वरी देवी मन्दिर, मार्केट व जिला अस्पताल– चिल्हिया स्टेशन व मार्केट– शोहरतगढ़ स्टेशन व मार्केट– परसा स्टेशन व मार्केट– बढ़नी स्टेशन व मार्केट– इटवा मार्केट– बांसी बस स्टैण्ट व मार्केट से होते हुये पुनः नौगढ़ तक का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। चिल्हिया रेलवे स्टेशन पर एक 25 वर्ष का युवा बिना चद्दर के ठण्ड में कापते व सोने की कोशिश करते हुये मिला जो मुम्बई जाना चाह रहा था लेकिन उसको ये नही पता था कि चिल्हिया रेलवे स्टेशन से बहुत मुश्किल है मुम्बई के लिए ट्रेन मिल पाना। फिलहाल उसके पास चद्दर ना होने का कारण पूछा गया तो अपनी मजबूरिया बताने लगा। मुख्य कारण आर्थिक मजबूरी के कारण मुम्बई जानाबताया।वर्तमान समय में उसको कम्बल की सखध्त जरुरत थी जो उसे चिल्हियारेलवेस्टेशनअध्ीक्षकरामआशीषशर्मा के हाथों से भेट कराया गया और उसे इस बात से भी अवगत कराया गया कि भविष्य में जब भी कही बाहर सफर में निकले तो चद्दर अथवा कम्बल जरुर साथ रखे जिससे ठण्ड से बचा जा सके। उसने माना कि उससे कम्बल ना रखने की गलती हो गयी है।

युवाओं की अपील आप लोगों से भी विशेष आग्रह है घरों से जब भी निकले तो कम्बल अथवा चद्दर जरुर रखे जिससे इस कढ़ाके की ठण्ड में मजबूरियों का सामना करने की नौबत ना आये। संस्था डायरेक्टर अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा बताया गया कि ज्यादे खुसी इस बात से मिली कि अन्य वर्षों की अपेक्षा इस वर्ष भी रात्रि में खुले में निवास कर रहे गरीब, मजबूर व असहाय लोगों की संख्या में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। कम्बल सिर्फ उन्हीं तक पहुँचाना था जो सही मायने में उसके हकदार व पात्र हो। इस कार्यक्रम को सम्पन्न कराने में प्रमुख भूमिका संस्था अध्यक्ष देवेश मणि त्रिपाठी, समाजसेवी व उदघोषक नितेश पाण्डेय, समाजसेवी अंशुमान त्रिपाठी व संस्था के अभिन्न अंग अजीत कुमार शुक्ला की उपस्थिति रही।समाजसेवी व उदघोषक नितेश पाण्डेय ने इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# 113 लोगों को दिलवाई गई कांग्रेस की सदस्यता

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोला/गोरखपुर। गोला तहसील क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने वृहद सदस्यता अभियान चलाया। यह सदस्यता अभियान क्षेत्र



● **गोला तहसील क्षेत्र के गांव में कांग्रेस ने चलाया वृहद सदस्यता अभियान**
● **सदस्यता ग्रहण करते समय कांग्रेस जन**

के कुर्दवाबारी झूमिला बाजार सहित आदि गांवों में कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष महेंद्र नाथ मिश्रा के नेतृत्व में चलाया गया। अभियान का शुभारंभ न्याय पंचायत अध्यक्ष खालिद रब्बानी ने किया। जिसमें 113 लोगों को सदस्यता दिलाई गई। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष मिश्रा ने कहा कि भाजपा सरकार केवल वादों को गिनाने में माहिर है लेकिन उसे पूरा करना मुश्किल होता है। जनता इनकी वादों के झांसे में अब नहीं आने वाली आगामी विधानसभा चुनाव में जनता ही भारी बहुमत से कांग्रेस की सरकार बना कर निर्णय देगी। इस अवसर पर मैनुद्दीन, रामवृक्ष यादव, डॉक्टर मुन्ना अंसारी, रघुराज दुबे, रामकृपाल, सुरेश, आरिफ अंसारी, सुधीर शर्मा, विश्व देव दुबे, सूरज मिश्रा, गया प्रसाद, गुलाब प्रसाद, जितेंद्र, शिवम, राहुल, मुन्नी दुबे, रंजीत सहित आदि कार्यकर्ता गण मौजूद रहे।

# अपने अपने अंदाज, सबने समेटा नववर्ष का अहसास

बड़हलगंज। खट्टी मीठी यादें समेटे एक और साल इतिहास बन गया, तो अपने – अपने तरीके से सभी लोगों नये वर्ष का स्वागत पूरे जोश के साथ किया। नये वर्ष के स्वागत में अपना ग्रामीण अंचल भी पीछे नही रहा, युवाओं ने जहां आधी रात को केक काटने के साथ रंगा रंग कार्यक्रमों का इंजॉय किया तो सुबह मंदिरों और पर्यटन स्थलों पर भीड़ उमड़ पड़ी। बड़हलगंज में भी नये वर्ष के स्वागत में तमाम कार्यक्रम आयोजित किये गये। उपनगर के चरणपादुका कुटी में कोफुकान शितो–र्यू कराटे डो एसोसिएशन ऑफ न्ःच् के कराटे कोच चंद्रप्रकाश मौर्य की देखरेख में आयोजित नववर्ष कार्यक्रम में नौनिहालों में कराटे कला का प्रदर्शन किया, इस अवसर पर बतौर मुख्यअतिथि मौजूद पूर्वमंत्री राजेश त्रिपाठी ने बच्चों को नये वर्ष की शुभकामनायें देते हुये कहा कि सीखने और सिखाने की होड़ प्रतिभाओं को आगे लाने की सबसे मजबूत सीढ़ी होती है, यह होड़ अनवरत होनी चाहिये। उन्होंने प्रतिभागी बच्चों को मेडल भी प्रदान किया। इस अवसर पर कोतवाली प्रभारी उमेश बाजपेयी, एसटीवी न्यूज के सम्पादक कृष्ण कुमार शुक्ल, जनसेवा संस्था के अध्यक्ष महेश ऊमर, महामन्त्री सन्तोष जायसवाल, पवन यादव, डॉ देवेंद्र सिंह बघेल, राजीव पाण्डेय, पप्पू निषाद आदि ने भी बच्चों को उत्साहित किया। कार्यक्रम में वैभवी जायसवाल, अनोखी ऊमर, परी ऊमर, आलोक सिंह, रुद्रांश जायसवाल, कृष्णा, धीरेंद्र कुमार, ओम गुप्ता, राज सोनकर, रिसु सोनकर, नमन, धनराज, समीर,आयुष्मान, अजेल, नारायण, अराध्या गुप्ता, सिध्य मदेशिया, हिमांशी गुप्ता, आराध्या सिंह बघेल, प्रज्वल, सृजन, अराध्य सिंह बघेल, अथरा सराज, वेदान्त सराज, देवान्स मदेशिया, सचिन आर्या, सिद्धेश मिश्रा, गौरव सोनी, आदर्श, अमरनाथ यादव, आदि छात्रों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। क्षेत्र के हरिनारायण चंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नेवादा में छात्रों द्वारा सुन्दर कांड का आयोजन कर लोक कल्याण की कामना की गई।

# मंडल विजेता शील्ड बीएसए को सौंपा

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। जिला व्यायाम शिक्षक उपेंद्र उपाध्याय द्वारा शनिवार को मंडल विजेता शील्ड बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेंद्र कुमार पांडे को सौंपा गया। बीएसए कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में जिला व्यायाम शिक्षक ने कहा कि जनपद के सभी



ब्लॉक व्यायाम शिक्षक, अनुदेशक, शिक्षकों व शिक्षामित्रों के परिश्रम के फलस्वरूप 25वें मंडलीय बेसिक बाल क्रीड़ा समारोह में जनपद को प्रथम स्थान मिला। बीएसए ने कहा कि जनपद व मंडलस्तरीय क्रीड़ा समारोह में सभी शिक्षकों व बच्चों ने खेल की विशुद्ध भावना के साथ प्रतिभाग किया और आयोजन को सफल बनाया। इसके लिए जनपद के सभी शिक्षक,अनुदेशक व शिक्षामित्र बधाई के पात्र हैं। बीएसए ने मंडल विजेता बनने पर सभी को शुभकामनाएं दिया। अब यह बीएसए कार्यालय में सुरक्षित रखी जाएगी। इस मौके पर बीईओ अनिल कुमार मिश्रा, उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष राधे रमण त्रिपाठी, पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अरुणेंद्र प्रसाद त्रिपाठी व मंत्री कलीमुल्लाह, अनुदेशक संघ के जिलाध्यक्ष माहेश्वरी पाठक, एआरपी संघ जिलाध्यक्ष हरिमोहन सिंह, जीशान खलील, अभय श्रीवास्तव,रूपेश सिंह, राकेश सिंह, सुधाकर मिश्र, इंद्रसेन सिंह, राम शंकर पांडे, हरिशंकर सिंह, सत्येंद्र गुप्ता, विनयकांत मिश्रा, शशिकांत पांडेय, अनिल पांडे रणविजय सिंह, बालजीत कुमार, संजय आनंद, सर्वजीत विश्वकर्मा, हरिश्चंद्र यादव, रामसेवक गुप्ता, शैलेंद्र राय आदि मौजूद रहे।

# दीपदान व महाआरती कर गोला वासियों ने किया नूतन वर्ष का भव्य स्वागत

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोला/गोरखपुर। हर वर्षो की भांति इस वर्ष भी गोलाउपनगर एवम आस–पास के गांवों के लोगों ने सायंकाल उपनगर के सरयू घाटों पहुच कर महाआरती और दीपदान कर नूतन वर्ष का शंख की करतल ध्वनि से भव्य स्वागत किया। शनिवार को सुबह से ही समस्त नगरवासियों के तत्वावधान में उपनगर के



पक्का घाट व शीतला घाट पर माँ सरयू तट पर पूजन यज्ञ और शिवचर्चा की कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें बड़ी संख्या में महिला व पुरूषों ने प्रतिभाग किया। सायंकाल उपनगर गोला तथा आस–पास के गांवों से भारी संख्या में नर–नारी दीपकों से सजी थाली लेकर भजन और गीतों को गाते हुए घाटों की ओर रवाना हो गए। गीत–भजन घण्टा–घड़ियाल और शंख की आवाज से पूरे उपनगर का माहौल भक्तिमय हो गया। घाटों पर पहुंचकर लोगों ने दीपकों को नदी के किनारे सजाया। इस दौरान गायत्री परिवार व विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों द्वारा ध्वनि विस्तारक यंत्रों से लोगों को दिशानिर्देश दिया जाता रहा। सायंकाल सरयू की महाआरती शुरू हुई और घाटों पर सजाए गए दीपकों को एक साथ जलाया गया। घाटों पर सजे और जल में प्रवाहित दीपकों निकली की छाया सरयू के जल में जमीन पर उतर आए हो। इस अवसर पर स्थानीय विधायक विनय शंकर तिवारीमदरिया मंदिर के उत्तराधिकारी श्रीश दास पूर्व मंत्री राजेश त्रिपाठी चौयरमैन लालती देवी पूर्व चौयरमैन गिरधारीलाल स्वर्णकार भाजपा जिला कोषाध्यक्ष शत्रुघ्न कसौधन मुराली प्रसाद भागीरथी प्रसाद स्वर्णकार अमरनाथ वर्मा आपदा एवं सेवाएं विभाग के सह संयोजक इंद्र बहादुर वर्मा अशोक वर्मा दिलीप कुमार उमर मनोज कुमार उमर भिखारी निषाद श्रवण वर्मा शुभम वर्मा प्रहलाद वर्मा अश्वनी स्वर्णकार जगदीश निगम विजय जायसवाल नंदलाल जायसवाल विद्याधर पांडे इमरान अंसारी पप्पू रावत विष्णु जायसवाल सुदर्शन कसौधन अर्जुन सोनकर सहित नगर व क्षेत्र के श्रद्धालु गणमान्य लोग अधिक संख्या में मौजूद होकर सरयू महोत्सव महा आरती में अपनी सहभागिता दर्ज कराई।

# गला दबाकर आलू व्यापारी का स्कूटी सहित 1.91 लाख की लूट

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोला/गोरखपुर। उपनगर गोला के टीचर कालोनी में गुरूवार की देर रात आलू व्यापारी का गला दबाकर बदमाशों ने स्कूटी सहित 1.91 लाख रूपया लूट कर भाग गए। पीड़ित ने तहरीर दे दिया है। पुलिस घटना की छानबीन में जुटी है।बताते चलें कि टीचर कालोनी निवासी हबीबुल्लाह उर्फ गड्डू पुत्र ख्वाजामुनुद्दीन की उपनगर के गोला–कौड़ीराम रोड पर स्थित अतरौला गोशाला के पास मुन्ना शाह एंड कंपनी के नाम से आलू–प्याज के थोक विक्रेता के नाम से फर्म है। वे देर रात दुकान का हिसाब–किताब कर अपनी स्कूटी में बिक्री व वसूली का 1.91 लाख रूपया। खाता–बही व अन्य जरूरी कागजात रखकर घर जा रहे थे।

अभी वे अपने कालोनी के मोड़ पर पहुंचे थे कि मुंहबाधे चार लोग पैदल ही मिले और उनको रोककर हाथापाई किया और उनका गला दबाने लगे। उसके बाद उन्हें जोर से धकेलकर स्कूटी व उसमें रखा रूपया कागजात व बही–खाता लेकर पैदल ही फरार हो गए। कोतवाली इंचार्ज एसआई गौरव कन्नौजिया का कहना है कि तहरीर मिली है। मामले की छानबीन की जा रही है।

# जन विश्वास यात्रा दूसरे दिन की शुरुआत नेताजी सुभाष चंद्र बोस की मूर्ति पर माल्यार्पण कर प्रारंभ हुई

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। सनई चौराहा पर स्वागत सभा को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री राज्यसभा सांसद शिव प्रताप शुक्ला ने कहा जब से देश में नरेंद्र मोदी की सरकार आई है तबसे पूरे विश्व में भारत का स्वाभिमान भारत का सम्मान लगातार बढ़ रहा है उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया में तीन ही ऐसे देश हैं जो दूसरे देश में घुसकर आतंकवादियों का सफाया करने की हैसियत रखते हैं वह देश अमेरिका इजराइल और भारत है राम जानकी मंदिर शोहरतगढ़ के प्रांगण में जनसभा को संबोधित करते हुए पूर्व प्रदेश अध्यक्ष देवरिया सांसद रमापति राम त्रिपाठी ने कहाइस जन विश्वास यात्रा में जनता का जो अपार जनसमर्थन प्राप्त हो रहा है निश्चित रूप से योगी सरकार इस बार 350 पार जाएगी सांसद ने कहा गांव गली शहर में डबल इंजन वाली सरकारी योजनाएं जनता तक सीधे पहुंच रही हैं इटवा की जनसभा को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री कृषि सूर्य प्रताप शाही ने कहा जनपद में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत प्रथम चरण में 166013 लाभार्थियों को निशुल्क गैस कनेक्शन उपलब्ध भाजपा सरकार ने किया कैबिनेट मंत्री ने कहा निराश्रित महिलाओं को पेंशन योजना के अंतर्गत पिछले साढे 4 साल में इस जिले में 12111 नए लाभार्थियों को पेंशन की स्वीकृति प्रदान की गई उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रथम प्रदेश अध्यक्ष रहे स्वर्गीय माधव प्रसाद त्रिपाठी के नाम से 228 करोड़ की धनराशि मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य कराया गया डुमरियागंज में जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री बस्ती सांसद हरीश द्विवेदी ने कहा योगी ने प्रदेश में गुंडागर्दी सांप्रदायिक दंगों को समाप्त कर खुशहाल प्रदेश बनाने का कार्य किया है प्रदेश में कोई









भी गुंडागर्दी करेगा तो सरकार का बुलडोजर चलेगा इस दौरान जन विश्वास यात्रा के साथ चल रहे प्रदेश प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी यात्रा प्रभारी संजीव राय जिला अध्यक्ष गोविंद माधव सांसद जगदंबिका पाल राज्य सभा सदस्य जयप्रकाश निषाद बेसिक शिक्षा मंत्री डॉ सतीश चंद्र दिवेदी विधायक श्याम धनी राही विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह जिला यात्रा प्रभारी कन्हैया पासवान मीडिया प्रभारी आशीष शुक्ल उपस्थित रहे।

# सम्पादकीय

**निस्संदेह जिन राज्यों में वैचारिक व धार्मिक सहिष्णुता की स्थिति संतोषजनक रही है, वहां विकास को नये आयाम भी मिले हैं। ऐसे में उत्तर भारत के बीमारू राज्यों को रचनात्मक विकास को तरजीह देते हुए स्वास्थ्य सेवाओं को अपनी प्राथमिकताओं में शामिल करना होगा। हाल ही के कोरोना संकट ने इसकी...**

## बीमार राज्य

देश के राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति के बाबत नीति आयोग के चौथे सर्वे में जहां दक्षिण भारतीय राज्यों ने बेहतर स्थिति को बनाये रखा है, वहीं उत्तर भारत के राज्य पिछड़ते नजर आते हैं। कुल 24 मानकों के आधार पर तैयार सूचकांकों में केरल पहले की तरह एक नंबर पर रहा, वहीं तमिलनाडु और तेलंगाना दूसरे–तीसरे स्थान पर रहे। उत्तर भारत के बड़े राज्यों में उत्तर प्रदेश इस सूची में सबसे नीचे 19वें स्थान पर रहा है। लेकिन उल्लेखनीय बात यह है कि उत्तर प्रदेश ने मानकों में सुधार की दृष्टि से नंबर एक स्थान पाया है। वहीं राजस्थान, मध्य प्रदेश व बिहार, यू.पी. से ऊपर हैं। दरअसल, ये आंकड़े वर्ष 2019–20 के हैं, जिसे पूरी तरह कोविड काल नहीं कहा जा सकता। राज्यों की स्वास्थ्य सेवाओं का असली मूल्यांकन इस बात पर निर्भर करेगा कि कोरोना काल में ये राज्य अपने नागरिकों की जान बचाने में कितने कामयाब हुए। हालांकि, दक्षिण राज्यों में रोगियों को सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली के तहत बेहतर सेवाएं प्रदान की गईं। निस्संदेह, केरल स्वास्थ्य सेवाओं में बेहतर स्थिति में है, लेकिन बीस करोड़ आबादी वाले उत्तर प्रदेश की तुलना 3.3 करोड़ आबादी वाले केरल से नहीं की जा सकती। बड़ी आबादी के चलते पिछड़े राज्यों में प्रति व्यक्ति आय, प्रति व्यक्ति जीडीपी और मानव विकास सूचकांक निचले स्तर पर हैं। लेकिन ओडिशा इस मामले में अपवाद है कि दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति से बेहतर प्रशासन व जन भागीदारी से स्थिति में बदलाव लाया जा सकता है। यदि उत्तर भारत के पिछड़े राज्य स्थिति में बदलाव को कटिबद्ध हों तो उन्हें ओडिशा मॉडल का अध्ययन करना चाहिए। कमोबेश देश की राजधानी दिल्ली में भी स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति उत्तर प्रदेश जैसी पिछड़ी होना चिंता की बात है। हालांकि, ये दोनों ही प्रदर्शन सुधार की दृष्टि से अग्रणी क्षेत्रों में शुमार हैं। बहरहाल, कुल मिलाकर देश की स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति संतोषप्रद नहीं कही जा सकती है। दरअसल, नीति आयोग का हालिया सर्वे स्वास्थ्य सेवाओं के ढांचे को गंभीरता से लेने को कहता है। यह सवाल पूछा जाना चाहिए कि उत्तर भारत के राज्यों में शिशु मृत्यु दर व प्रसूति माताओं की मौत का आंकड़ा आज भी ज्यादा क्यों है? यह भी कि अस्पतालों में उपचार की विशेषज्ञता का अभाव क्यों है। चिंता की बात यह है कि कई राज्यों में स्वास्थ्य सेवाओं पर होने वाले खर्च में कटौती की गई है। जाहिरा तौर पर इसका असर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर पड़ता है। इस कमी को दूर करने के गंभीर प्रयासों की जरूरत है। वैसे राज्यों की स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता की असली कसौटी कोरोना महामारी होगी, तब पता लगेगा कि राज्यों का प्रशासन अपने नागरिकों को किस हद तक सुरक्षा कवच दे पाया। लब्बोलुआब यही है कि देश में स्वास्थ्य सेवाओं को प्राथमिकता दिये जाने की जरूरत है। यहां यह सवाल भी स्वाभाविक है कि सभी राज्यों को स्वशासन एक ही समय मिला। देश के उत्तर व दक्षिण राज्यों की सांस्कृतिक व आध्यात्मिक विरासत एक जैसी है, फिर स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति में इतना अंतर क्यों है? जिस उ. प्र. समेत उत्तर क्षेत्र ने देश को सर्वाधिक प्रधानमंत्री दिये, ये इलाके राजनीतिक रूप से जागरूक भी हैं, ज्यादा आबादी के चलते इनका राजनीतिक दबदबा भी कायम रहा तो स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति इतनी बदतर क्यों? क्या श्छोटा परिवार, सुखी परिवारत्र का फार्मूला छोटे–बड़े राज्यों पर लागू होता है? क्या उत्तर भारत में विकास के मुद्दों के बजाय भावनात्मक मुद्दों व संकीर्णता की राजनीति की सजा इन राज्यों की स्वास्थ्य सेवाएं भुगत रही हैं?

## वही पुरानी चाल और नया साल

शमीम शर्मा

पता नहीं नये साल की शुभकामनाएं लोग एडवांस में क्यों देने लग जाते हैं। विश्वास रखें, नये साल के दिन हम कहीं भाग तो नहीं जायेंगे। पिछले सात–आठ दिनों से नववर्ष संदेशों की बाढ़–सी आनी शुरू हो चुकी है। सूरज की नई किरणों, नव सुगन्ध, नव सपनों व संकल्पों की बातें इन संदेशों में खूब जोरों–शोरों से हो रही हैं। पर मेरी तो इतनी–सी कामना है कि नये साल में आप मूंगफली छीलो तो उसमें काजू निकलें।

नया साल आने पर न तो नये–पुराने साल में कोई फर्क होता है और न ही नई सरकार बनने में। नववर्ष प्रारम्भ होते ही बस एक नया कैलेंडर उसी पुरानी दीवार पर लटक जाता है और कई बार तो यह कैलेंडर पुराने वाले की छाती पर ही लटका दिया जाता है। ठीक उसी तरह जैसे किसी पुरानी सरकार को हटाकर नई सरकार हमारी छाती पर मूंग दलती है। नई सरकार गठित होने पर नये नेताओं की फोटो सरकारी कैलेंडर पर चस्पां हो जाती हैं, जिसे देखने में किसी की दिलचस्पी नहीं होती। सभी कर्मचारी सिर्फ छुट्टियों की लिस्ट पर आंखें गड़ाये रहते हैं।

हम पूरी गर्मजोशी से कभी घर पर टीवी के सामने या पहाड़ों पर जाकर नववर्ष का अभिनंदन करते हैं। पर नूतन वर्ष का हमारा जोश पांच–सात दिनों में ही उस नयी ब्यावली दुल्हन की तरह फुर्र हो जाता है, जिसके सारे चाव निकल चुके हैं और असलियत सामने आने लगी है। यानी कि भूल गये राग रंग, भूल गये जकड़ी। तीन चीज याद रही नून, तेल, लकड़ी।

पिछले दो साल तो नाकों चने चबवाने वाले निकले हैं। सबका मन कर रहा है कि इस काल–खण्ड को धक्का दे दिया जाये। कोरोना और अब उसका भाई ओमीक्रोन अपने वीभत्स रूप से हमें ललकार रहा है। पर हम ही नहीं, पूरी दुनिया इस बीत रहे साल के जाने के जश्न में गाने–नाचने में तल्लीन है। पर अंदर ही अंदर सबके दिलों में एक अज्ञात भय मजबूत खम्भे की तरह गड़ा हुआ है कि पता नहीं तीसरी लहर क्या जलवा दिखायेगी। अच्छे दिनों की प्रतीक्षा में बैठे हम लोगों की खिदमत में एक नवीन वर्ष आ रहा है तो सबकी कामना है कि किसी का बाल भी बांका न हो। कोरोना ने जिस तरह पूरी दुनिया की नाक में दम किया है, हम भी अब कोरोना की नाक में दम करके ही दम लें।

## भीड़ के अन्याय से कशमशाती इंसानियत

**मॉब लिंचिंग न केवल सामाजिक भ्रातृत्व, मानवीय सौहार्द के लिए घातक है बल्कि राज्य की आंतरिक अस्थिरता का कारक भी है। इससे आम जनता में असुरक्षा, भय व अशांति की भावना उपजती है तथा पुलिस प्रशासन व कानून व्यवस्था के प्रति रोष एवं संदेह उत्पन्न होता है। अंतर्राष्ट्रीय छवि धूमिल होने से विदेशी व घरेलू निवेश प्रभावित होते हैं, जिसका अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। स्वनिर्धारित ...**

दीपिका अरोड़ा

गत 21 दिसंबर को झारखंड विधानसभा में श्मॉब वॉयलेंस एंड मॉब लिंचिंग बिल, 2021त्र पारित किया गया, जिसका उद्देश्य व्यक्ति के संवैधानिक अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा सामूहिक हिंसा रोकना है। इसके तहत दो या दो से अधिक लोगों द्वारा हिंसा करना मॉब लिंचिंग माना जाएगा। भीड़ हिंसा के दोषी पाए जाने पर जुर्माने तथा संपत्तियों की कुर्की के अलावा तीन वर्ष से लेकर उम्रकैद की सजा का प्रावधान है। हिंसा में पीडिघ्त की मृत्यु होने पर दोषी को आजीवन कारावास तथा 5 से 25 लाख तक जुर्माने की सजा होगी। भड़काऊ पोस्ट डालने तथा पीडिघ्तों व गवाहों के लिए शत्रुतापूर्ण माहौल बनाने वाले लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। किसी का सामाजिक अथवा व्यावसायिक बहिष्कार भी मॉब लिंचिंग के अंतर्गत आएगा। पीडिघ्तों के लिए इसमें मुफ्त इलाज की व्यवस्था है। राज्यपाल की स्वीकृति के पश्चात यह कानून बनकर राज्य में प्रभावी हो जाएगा।

अक्सर प्रकाश में आने वाले सामूहिक हिंसा मामलों ने, 2019 में झारखंड में व्यापक चर्चा तब पकड़ी, जब 24 वर्षीय तबरेज अंसारी को बकरी चोरी के संदेह में सरायकेला खरसावां जिले की भीड़ ने रस्सी से बांधकर इतना पीटा कि उसकी मृत्यु हो गई। उच्च न्यायालय की फटकार के पश्चात ऐसे मामलों के निपटारे हेतु जिला स्तरीय समितियों के गठन का फैसला किया गया।

श्अनेकता में एकतात्र भारतीय संस्कृति की विशेषता है, किंतु विविधता में समाविष्ट मतभेदों का हिंसात्मक प्राकट्य राष्ट्रहित के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। श्मॉब लिंचिंगत्र अर्थात् उत्तेजित भीड़ द्वारा किसी को दोषी पाए जाने पर या अपराधी होने के संदेह में स्वयं दंड देना, लोकतंत्र के लिए खतरे का संकेत है।

समस्या का राष्ट्रीय स्तर पर दृष्टिगोचर होना गहन चिंता का विषय है। वर्ष 2002 में हरियाणा के पांच दलितों को गोहत्या के आरोप में सामूहिक हिंसा का निशाना बनाया गया। 2015 में अज्ञात समूह ने मोहम्मद अखलाक को, बेटे दानिश सहित, गोहत्या तथा मांस–भंडारण के आरोप में पीटकर मार डाला। 2017 को राजस्थान में गो तस्करी के झूठे आरोप में पहलू खान की हत्या कर दी गई। महाराष्ट्र के पालघर में क्रुद्ध भीड़ द्वारा तीन साधुओं को दौड़ा–दौड़ाकर मारा गया। किसान आंदोलन के दौरान सिंघु बॉर्डर पर कथित बेअदबी आरोपी को तेजधार हथियारों से काट दिया गया। हाल ही में पंजाब की दो कथित श्बेअदबीत्र घटनाओं में आरोपितों को पीट–पीटकर मार डाला गया। अनुमानतरू वर्ष 2019 में 107 व 2020 में 23 श्मॉब लिंचिंगत्र मामले प्रकाश में आए।

लिंचिंग की अधिकांश घटनाएं जातिगत भेदभाव व धार्मिक असहिष्णुता से संबद्ध हैं। विचाराधीन मामलों का समय पर निपटारा न होना भी घटनाओं की बढ़ोतरी का एक बड़ा कारण है, जैसा कि पंजाब के श्लंबित बेअदबी मामलोंत्र में देखने को आया। जनप्रतिनिधियों के भड़काऊ भाषण तथा स्वार्थसिद्धि हेतु राजनीतिक हथकंडों के रूप में बल प्रयोग भी सामूहिक हिंसा के लिए जिम्मेदार हैं। हालिया कपूरथला मॉब लिंचिंग में सोशल मीडिया का गैर–जिम्मेदाराना रवैया भी प्रमुख कारण के रूप में सामने आया।

भारतीय दंड संहिता में श्मॉब लिंचिंगत्र के विरुद्ध कार्रवाई से संबंधित कोई स्पष्ट उल्लेख नहीं। इनका निपटारा धारा–302 (हत्या), 307 (हत्या का प्रयास), 323 (जानबूझकर घायल करना), 147–148 (दंगा–फसाद), 149 (आज्ञा के विरुद्ध एकत्रित होना) तथा धारा–34 (सामान्य आशय) के तहत होता है। भीड़ द्वारा हत्या करने पर आईपीसी की धारा 302 तथा 149 मिलाकर पढ़ी जाती हैं, हत्या– प्रयास मामले में धारा 307 और 149 संयुक्तरूपेण सम्मिलित होती हैं। सीआरपीसी में भी इस बारे स्पष्टतरू कुछ नहीं कहा गया।

श्भीड़ का कोई चेहरा नहीं होतात्र, लिंचिंग में संलिप्त लोगों की गिरफ्तारी न हो पाना सबसे बड़ी समस्या है। न केवल यह अनुच्छेद–21 में दिए श्जीवन के अधिकारत्र का हनन करता है, बल्कि दुरूसाहसी प्रवृत्ति का उत्साहवर्द्धन करते हुए राज्य की कानूनी व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह लगाता है। ग्लोबल पीस इंडेक्स के 2019 के आंकड़ों के अनुसार, 163 देशों में भारत का स्थान 141वां रहा।

वर्ष 2018 में सर्वोच्च न्यायालय ने लिंचिंग को श्भीड़तंत्र के एक भयावह कृत्यत्र के रूप में संबोधित करते हुए केंद्र व राज्य सरकारों को कानून बनाने के दिशा–निर्देश दिए। मणिपुर, वर्ष 2018 में लिंचिंग के विरुद्ध प्रस्ताव पारित करने वाला पहला राज्य बना। तार्किकता व प्रासंगिकता के मद्देनजर यह विधेयक सराहनीय आंका गया। 2019 में राजस्थान एवं पश्चिम बंगाल में भी लिंचिंग के विरुद्ध विधेयक पारित किए गए।

मॉब लिंचिंग न केवल सामाजिक भ्रातृत्व, मानवीय सौहार्द के लिए घातक है बल्कि राज्य की आंतरिक अस्थिरता का कारक भी है। इससे आम जनता में असुरक्षा, भय व अशांति की भावना उपजती है तथा पुलिस प्रशासन व कानून व्यवस्था के प्रति रोष एवं संदेह उत्पन्न होता है। अंतर्राष्ट्रीय छवि ध ूमिल होने से विदेशी व घरेलू निवेश प्रभावित होते हैं, जिसका अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। स्वनिर्धारित दंड–प्रक्रिया का यह घृणित स्वरूप समूची मानवता के लिए एक विषैला दंश है। लोकतंत्र पर भीड़तंत्र का हावी होना मानवीय, सामाजिक, नैतिक, कानूनीय किसी भी आधार पर क्षम्य नहीं। अन्य राज्यों को भी इस दिशा में कड़े कदम उठाने चाहिए।

## निर्मम बाजार भरोसे न छोड़ें किसान को

**भोजन शृंखला में यह मूल उत्पादक ही है, जिसकी भूमिका सबसे कठिन है, वही कड़ी मेहनत करता है, फिर भी मूल्य संवर्धन शृंखला से प्राप्त आमदनी में उसके पल्ले न्यूनतम पड़ता है, लागत तक नहीं निकलती। यहां सनद रहे कि तीन महत्वपूर्ण व्यापारिक फसलों कॉफी, केला और कोको पर न तो कोई न्यूनतम समर्थन मूल्य है न ही किसी किस्म की कृषि उत्पाद खरीद मंडी व्यवस्था है...**

देविंदर शर्मा

ऐसे वक्त पर, जबकि थोक मूल्य मुद्रास्फीति पिछले तीन दशकों में सबसे ऊंचे स्तर पर है, यह कृषि क्षेत्र के लिए विपत्ति की खबर है। एक सप्ताह के भीतर, देश में तीन विभिन्न जगहों पर तीन किसानों ने हताशा में अपनी खड़ी फसल अथवा उत्पाद को जला डाला है। उनकी फसलें अलग थीं, लेकिन जलाने का कारण एक ही हैदृ उचित मूल्य न मिलना, जिससे उत्पादन की वास्तविक लागत पूरी हो।

11 दिसम्बर को आंध्र प्रदेश के कृषक चकालू वेंकटेसव्रलू ने करनूल कृषि उत्पाद मंडी में बेचने को लाये 25 बोरी प्याज (प्रत्येक में 50 किग्रा) को आग लगा दी, क्योंकि बोली महज 500 रुपये प्रति क्विंटल (5 रुपये प्रति किलो) लगी। यह पाकर कि इतनी कीमत से उपज–लागत, भाड़ा और मंडी फीस तक पूरी नहीं हो रही, हताश किसान ने पेट्रोल छिड़क कर अपना उत्पाद जला डाला।

चार दिन बाद आंध्र प्रदेश के धोने मंडल के मलिकार्जुन ने तीन एकड़ में लगी केले की फसल को जला दिया क्योंकि मंडी में भाव महज 2–3 रुपये प्रति किलो लग रहा था। उनका कहना है, केला तैयार करने में लागत आई 5 लाख रुपये, लेकिन तीसरी तुड़ाई होने तक कीमतें इतनी गिरीं कि हौसला टूट गया। बेचने पर महज 1. 5 लाख रुपये मिलने थे, मायूसी में खड़ी फसल जलाने के सिवाय कोई चारा न रहा।

मध्य प्रदेश में देओली के कृषक शंकर सिरफिरा ने मंदसौर मंडी में बेचने को लाये 160 किग्रा लहसुन को आग लगा दी। इस घटना की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई, जिसमें उसने बताया कि लहसुन तैयार करने में कुल खर्च आया 2.5 लाख रुपये, पर मंडी में बोली लगी महज 1 लाख रुपये। इतने से तो बुवाई की कीमत तक नहीं निकलती। वह सरकार से केवल इतना चाहता है कि किसानों को उत्पाद का उचित मूल्य सुनिश्चित किया जाए।

ये तीन दुखदायी प्रसंग, जिनका जिक्र मैं यहां कर रहा हूं और कदाचित लगे कि ये इक्का–दुक्का मामले हैं, परंतु असल में यह उस गहरे कृषि संकट का नमूनाभर है, जो आज व्याप्त है। एक ही किस्म की फसल उगाने वाले लाखों किसान होते हैं और उनको भी मंडी में ठीक इसी किस्म के तगड़े झटके लगे होंगे, परंतु उनकी हताशा, लाचारी और नाउम्मीदी सुर्खियां नहीं बन पाई। जब कीमतें गिरती हैं तब अर्थशास्त्री इसके पीछे श्मांग–आपूर्ति वाला संतुलन सिद्धांतत्र गिनाते हैं, लेकिन इसकी एवज में इंसान पर क्या गुजरती है यह देखने में असफल रहते हैं। न केवल भारत बल्कि विश्वभर में मंडी कीमतों में भारी उतार–चढ़ावों ने किसानों की आजीविका को तहस–नहस किया है, आजिज आए किसान खेती छोडने को मजबूर होकर अपनी जमीनें बेच, शहरों में छोटे–मोटे काम कर जिंदा रहने हेतु पलायन करते हैं। यह कोई कम आफत नहीं है। अमेरिका को लें, वहां भी पिछले 150 साल से उपज की लगाई गई कीमत लगातार नीचे गई है, लिहाजा किसान धीरे–धीरे कृषि से किनारा कर गए। ग्रामीण अंचल में अजीब–सी असहजता व्याप्त है, न सिर्फ किसानों की आत्महत्या में इजाफा हुआ है बल्कि मानसिक संताप में वृद्धि हुई है। अमेरिका, जिसका असफल हुआ कृषि–सुधार मॉडल हम उधार ले रहे हैं, वहां 915725 किसान या उनके परिवार सदस्य देशभर के श्पलायन मानसिक स्वास्थ्य केंद्रोंत्र में अवसाद का इलाज करवा रहे हैं। जबकि कुल अमेरिकी आबादी का बमुश्किल 1.5 फीसदी कृषि क्षेत्र में बाकी बचा है। बेशक इस मानसिक स्थिति के पीछे कुछ अन्य जटिल कारण भी होंगे, जिनका सामना कृषक और कृषि–मजदूरों को करना पड़ रहा है, परंतु ऊपर–नीचे होती उपज की कीमतें सबसे बड़ा कारक है।

लेकिन नीति–नियंताओं और मीडिया, खासकर आर्थिक मामलों के पत्रकारों को उथल–पुथल तभी दिखाई देती है जब शेयर सूचकांक अचानक नीचे लुढ़के और स्टॉक मार्किट निचले स्तर पर बंद हो। यही वह सांचा है, जिसमें अर्थशास्त्र को ढाला गया है। मुख्यधारा अर्थशास्त्रियों का बड़ा तबका स्टॉक मार्किट में गिरावट आने पर तो शोक मनाता है किंतु कृषि उत्पाद को मिलने वाली कम कीमतों का स्वागत करने में कोई कसर नहीं छोड़ता। अंततरू कृषि क्षेत्र में कर्ज बढ़ता है, लिहाजा ज्यादा से ज्यादा किसान खेती छोड़ शहरों की ओर पलायन करते हैं। कोई हैरानी नहीं कि किसानों को हर साल 23 फसलों पर घोषित सरकारी न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी देकर न्यूनतम आय सुनिश्चित करने के संभावित कदम के विरुद्ध पहले ही उनके खंजर निकल आए हैं। कुछ वरिष्ठ अर्थशास्त्री, जिन्हें खुद को हर महीने वेतनदृमहंगाई भत्ता जुड़करदृ मिलने की गारंटी है, वे मुक्त कृषि मंडी व्यवस्था की पैरवी कर रहे हैं, उनके मुताबिक यह किसान को बेहतर कीमत खोजने में सहायक होगी। मैंने पहले भी अपने लेखों में बताया है कि अत्यधिक प्रचलित पदार्थ जैसे कि चॉकलेट और कॉफी के मामलों में लैटिन अमेरिका के कोको बीन उत्पादक और अफ्रीका में कॉफी बीन उगाने वाले करोड़ों किसान अत्यंत गरीबी की हालत में जी रहे हैं। केले की मूल्य–संवध ि्न शृंखला से भी जिस तरह किसानों की आमदनी सिकुड़ी है, वह कम आंखें खोलने वाला नहीं है। एक अध्ययन बताता है कि यूरोपियन बाजारों में बिकने वाले लैटिन अमेरिकी केले के मूल उत्पादक तक उपभोक्ता द्वारा चुकाए गए प्रत्येक यूरो का महज 5–9 प्रतिशत पहुंचता है। भोजन शृंखला में यह मूल उत्पादक ही है, जिसकी भूमिका सबसे कठिन है, वही कड़ी मेहनत करता है, फिर भी मूल्य संवर्धन शृंखला से प्राप्त आमदनी में उसके पल्ले न्यूनतम पड़ता है, लागत तक नहीं निकलती। यहां सनद रहे कि तीन महत्वपूर्ण व्यापारिक फसलोंदृ कॉफी, केला और कोको पर न तो कोई न्यूनतम समर्थन मूल्य है न ही किसी किस्म की कृषि उत्पाद खरीद मंडी व्यवस्था है, जिस पर हम इस स्थिति के लिए अंगुली उठा सकें। असल में ये प्रतिस्पर्धात्मक माहौल बनाने वाली बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियां हैं, जो किसानों के हिस्से का पैसा चूसकर अमीर हो रही हैं। जरा सोचें, यदि वैश्विक कृषि शृंखला ने उत्पादन लागत और उचित मुनाफा जोड़कर किसान को न्यूनतम खरीद मूल्य मिलना सुनिश्चित किया होता तो आज खेती भी एक मुनाफादायक व्यवसाय होती।

दोहन करने वाली मंडी शक्तियों को खुली छूट देने की बजाय, जैसा कि अंतर्राष्ट्रीय सुबूत निर्णायक रूप में सिद्ध करते हैं, भारत के लिए यही समय है कि अपने बनाये खेती सुधारों का नया प्रारूप लागू कर सर्वप्रथम किसान को जीने लायक आमदनी सुनिश्चित करे। देश की कुल जनसंख्या के लगभग 50 फीसदी हिस्से को आर्थिक रूप से व्यवहार्य एक आजीविका की गारंटी बनाना आर्थिक असमानता में व्याप्त बड़े अंतर को पाटने का एक उपाय होगा।

लेखक कृषि एवं खाद्य मामलों के विशेषज्ञ



## ट्रक की चपेट में आने से चाचा की मौत, भतीजा घायल

देवरिया–कसया मार्ग पर खनुआ नाला के समीप ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत हो गई। जबकि भतीजा घायल हो गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। घटना के बाद स्वजन में चीख पुकार मच गई। थाना क्षेत्र के रामपुर खास गांव के रहने वाले रामअवध रावत उम्र 25 वर्ष पुत्र सीता रावत अपने भतीजे कन्हैया उम्र 12 वर्ष पुत्र जयप्रकाश को लेकर देर शाम कसया बाजार मोटरसाइकिल से जा रहे थे। अभी वह थाना क्षेत्र के खनुआ नाला के समीप पहुंचे थे कि सामने से आ रहे ट्रक ने ठोकर मार दिया। जिससे दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने एंबुलेंस की सहायता से कसया सामुदायिक केंद्र पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान रामअवध की मृत्यु हो गई। गंभीर हालत देख चिकित्सक ने कन्हैया को मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। स्वजन ने बताया कि राम अवध एक माह पूर्व विदेश से घर आए थे।

## मेरठ रवाना हुए जिले के 75 खिलाड़ी

महराजगंज। मेरठ में दो जनवरी को होने वाले उत्तर प्रदेश राज्य खेल विश्वविद्यालय के शिलान्यास कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए जिले के 75 खिलाड़ी . स्टेडियम से रवाना हुए। इसमें 50 बालक व 25 बालिकाएं हैं। प्रशासन की ओर से उपलब्ध कराए गए दो बस से सभी खिलाड़ी गए हैं। इस दौरान उप क्रीड़ाधिकारी धर्मेंद्र कुमार, अंशकालिक प्रशिक्षक शक्तिशरण पाठक, आसिफ इकबाल, अभिषेक विश्वकर्मा, कुलदीप मणि त्रिपाठी, रिजवान अहमद, फरमान समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## सभी वर्गों का विकास करती है भाजपा सरकार : अमरनाथ

महराजगंज। भाजपा सरकार में सभी वर्गों का विकास हुआ है। केंद्र व प्रदेश के डबल इंजन की सरकार ने योजनाओं के संचालन में कभी भी भेदभाव नहीं करते हुए सबका–साथ सबका विकास के मंत्र पर काम किया है। यह बातें .. नगर पालिका सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता में भाजपा अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अमरनाथ पासवान ने कहीं। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में विपक्ष का दूर–दूर तक नामों निशान नहीं है। भाजपा ने जो विकास कार्य किया है, उसके बलबूते आगामी सरकार फिर से भाजपा का ही बनना तय है। उन्होंने कहा कि हमारा जन जन को सुझाव है कि वे जनता को सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताएं। साथ ही जनता को भी समझने की जरूरत है कि उनकी अपेक्षाओं को भाजपा के अलावा कोई पार्टी पूरी नहीं कर सकती।

## देश–प्रदेश के विकास के लिए भाजपा सरकार संकल्पितः अरुण

महराजगंज। देश–प्रदेश के विकास के लिए भाजपा सरकार संकल्पित हैं। भारतीय जनता पार्टी की सरकार की सोच विकास की है और इसी सोच को लेकर सरकार विकास के नित नए आयाम रच रही है। हर क्षेत्र में देश व प्रदेश को सशक्त बनाने के लिए विकास की योजनाएं लाई जा रहीं हैं। जिससे देश की जनता खुशहाल रहे। यह बातें गणेशपुर स्थित अपने आवास पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अरुण शुक्ला ने प्रेसवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में हर क्षेत्र में विकास हुआ है। कानून का राज स्थापित किया गया है। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व में भारत का मस्तक ऊंचा किया है। कहा कि लगातार देश का विकास हो रहा है। अन्नदाताओं, नौजवानों, गरीबों के उत्थान को ध्यान में रखकर काम किया जा रहा है। भाजपा ने सबका साथ–सबका विकास का नारा दिया है और इसी के तर्ज पर काम भी किया जा रहा है।

## दिन में खिली धूप, सुबह-शाम बढ़ा ठंड का कहर

महराजगंज। ठंड का कहर दिनों दिन बढ़ता जा रहा है। सुबह–शाम की ठंड ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी। हालांकि दिन में खिली धूप ने थोड़ी राहत भी दिलाई। शाम होते ही बाजारों में जरूरी काम से ही लोग निकले। न्यूनतम तापमान आठ डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। बाजारों में गर्म कपड़ों की दुकानों पर ग्राहक खरीददारी करते नजर आए। सुबह की शुरुआत घने कोहरे के साथ हुई। दिन निकलने के साथ ही बर्फीली हवाएं चल रहीं थी। करीब सुबह 11 बजे सूर्यदेव ने दर्शन दिए। जिसे लोगों ने ठंड से राहत महसूस की। लेकिन तीसरे पहर ठंड का कहर बढ़ने लगा, जो शाम को पूरे चरम पर था। ठंड से बचाव के लिए राहगीरों को अलाव ही एकमात्र सहारा नजर आ रहे थे। बाजारों में प्रमुख सड़कों के किनारे कई स्थानों पर लोग अलाव से हाथ सेंककर ठंड से बचाव करते नजर आए। अधिकतम तापमान 19 तथा न्यूनतम तापमान आठ डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। उधर लगातार बढ़ रही ठंड से गर्म कपड़ों की दुकानों पर रौनक नजर गई। शहर के फरेंदा रोड, कालेज रोड, सक्सेना चौक, उद्योग तिराहा, चौक रोड सहित विभिन्न बाजारों में गर्म कपड़ों की दुकानों पर ग्राहक खरीददारी करते देखे गए।

## अब डाकघरों में भी होगा फसलों का बीमा

महराजगंज। जन सामान्य को तमाम सुविधाएं उपलब्ध कराने में लगे डाकघरों में अब किसानों के फसल का बीमा भी होगा। इसके लिए डाकघरों में स्थापित कामन सर्विस सेंटर पर यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके साथ ही किसान व मजदूर वर्ग के लोग यहां पर ई–श्रम कार्ड के लिए भी निश्शुल्क पंजीकरण करा सकते हैं। मुख्य डाकघर के सीनियर पोस्टमास्टर विजय मोहन शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसानों को यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। जिले के 204 डाकघरों में इस योजना के संचालन से किसानों को काफी राहत मिलेगी। इससे किसानों को कहीं भटकना नहीं पड़ेगा। बताया कि डाकघरों के माध्यम से आनलाइन आवेदन के लिए किसान की खतौनी, पहचान पत्र के रूप में (आधार कार्ड, पैनकार्ड, वोटर आइडी कार्ड, ड्राइविग लाइसेंस में से कोई एक) व बैंक पासबुक साथ लाना होगा। खरीफ व रबी फसलों के लिए क्रमशरू दो व 1.5 फीसद प्रीमियम अदा करना होगा। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही डाकघरों में स्थापित कामन सर्विस सेंटर में असंगठित क्षेत्र से जुड़े लोगों का ई–श्रम कार्ड भी पूर्णतया निश्शुल्क प्राप्त कर सकते हैं।

# ग्राहकों के खाते से हेराफेरी, नाराज लोगों ने किया चक्का जाम

देवरिया । भारतीय स्टेट बैंक शाखा भलुअनी स्थित ग्राहक सेवा केंद्र से ग्राहकों के खाते से दो वर्ष के अंदर हेराफेरी कर करीब 75 लाख रुपये निकालने को लेकर ग्राहकों ने भलुअनी चौराहे पर चक्का जाम कर दिया। चौराहे पर अफरातफरी का माहौल रहा। उधर पुलिस ने इस मामले में दो लोगो को थाने में बैठाया है। भलुअनी में एसबीआइ का ग्राहक सेवा केंद्र है। ग्राहकों का कहना है दो वर्षों से उनके खातों में हेराफेरी हो रही थी। लेकिन 10 दिन पूर्व मामला प्रकाश में आने पर सेवा केंद्र संचालक द्वारा मामले को टाला जा रहा था। ग्राहकों ने बताया कि बिना अंगूठा लगाए तथा सर्वर स्लो बता कर निकासी की गई है। ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक कमलेश सिंह ने बताया कि दो वर्षों से एक कर्मचारी को रखा था। जिसने यह कार्य किया है। उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। विरोध प्रदर्शन में शामिल ग्राहकों में धर्मेंद्र शर्मा, सुनीता, फूलपति, रामप्रवेश, इंदु, सुभावती, प्रेमा देवी, इंदु देवी, रिकी तिवारी, देवानंद प्रसाद आदि शामिल रहे। थानाध्यक्ष भलुअनी मुकेश मिश्र ने बताया कि ग्राहक सेवा केंद्र के 20 ग्राहकों ने खाते से रुपये की हेराफेरी करने की शिकायत की है। दो वर्ष में करीब 75 लाख रुपये के आसपास की निकासी का आरोप लगाया गया है। जांच के बाद ही सच्चाई सामने आएगी।

# प्रशिक्षु आइएएस ने देखी सोनौली सीमा की गतिविधियां

महराजगंज। भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु आइएएस का दल ने जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में भ्रमण कर गांवों के विकास से रूबरू हो रहे हैं, वहीं अपना अनुभव भी साझा कर रहे हैं। आइएएस के दल ने सोनौली बार्डर की गतिविधियों की जानकारी ली। जिले के पांच ग्राम पंचायतों में 30 प्रशिक्षु आइएएस, आइपीएस, आइआरएस अधिकारियों ने परतावल विकास खंड के श्यामदेउरवा, नौतनवा के जिगनिहा व हनुमान गढिघ्या, बृजमनगंज के नैनसर के गांवों का अध्ययन करने में जुटे हैं। सोनौली संवाददाता के अनुसार प्रशिक्षु आइएएस अधिकारियों ने शाम सोनौली सीमा पहुंच कर नोमेंस लेंड, पिलर एवं सुरक्षा को लेकर किए जा रहे उपायों की जानकारी ली। एसएसबी के असिस्टेंट कमांडेंट अनीश से मिले और सीमा पर चल रही गतिविधियों की जानकारी हासिल की। इसके पहले समस्त प्रशिक्षु अधिकारी विकास यादव, कनिष्क, नियोनी, चौतन्य, अनमोलन, रीना प्रधान, सुरेश, अक्षय, अतुल त्यागी, मो. हैरिश, चांदनी चौहान, रुक्मिणी आदि ने 66 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के मुख्यालय दोमुहानाघाट का भ्रमण किया। एसएसबी के द्वितीय कमान अधिकारी बरजीत सिंह तथा जीत लाल उप–कमांडेंड के द्वारा प्रशिक्षु अधिकारियों को सीमावर्ती क्षेत्रों से जुड़े मुददे, सशस्त्र सीमा बल द्वारा किए जा रहे विभिन्न कार्यों तथा क्षेत्र की चुनौतियों के बारे में जानकारी दी गई। सोनौली में इमीग्रेशन अधिकारी उत्तम कुमार, क्षेत्राधिकारी नौतनवा कोमल प्रसाद मिश्र, अधीक्षक कस्टम रविद्र तिवारी सीमावर्ती क्षत्रों में अपनी कार्य–प्रणाली की विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

# नौनिहालों का भविष्य संवार रहे दिव्यांग देवेंद्र

देवरिया। सलेमपुर विकास खंड के कोड़रा ठाकुर के रहने वाले देवेंद्र दिव्यांग हैं, मन में कुछ कर गुजरने की दृढ़ इच्छाशक्ति और विपरीत परिस्थितियों के बावजूद कुछ अलग करने की चाह ने उन्हें नई पहचान दी है। बीए तक की शिक्षा ग्रहण करने वाले देवेंद्र आठवीं तक के बच्चों को निश्शुल्क शिक्षा देते हैं। गांव के रामलोचन गोंड भटनी रेलवे स्टेशन पर कुली का काम करते हैं। उनकी पांच संतानों में दूसरे नंबर के देवेंद्र बचपन से ही पैर से दिव्यांग हैं। लाठी के सहारे चलने वाले देवेंद्र में हमेशा कुछ करने की तमन्ना रही। विपरीत परिस्थितियों में भी उन्होंने स्नातक की डिग्री हासिल की।

सुबह सात बजे से लगती है देवेंद्र की कक्षाः कोरोना संक्रमण काल में सभी विद्यालय बंद हो गए और बच्चों की पढ़ाई ठप हो गई। उनके भविष्य को बिगड़ता देख देवेंद्र के मन में उन्हें शिक्षा ग्रहण कराने की उत्सुकता हुई और उन्होंने बच्चों को शिक्षा ग्रहण कराने की ठान ली। अपने एक कमरे में उन्होंने ब्लैक बोर्ड बनवाया और आसपास के बच्चों को पढ़ाना शुरू कर दिया। धीरे–धीरे कारवां बढ़ता गया। उनकी कक्षा में प्रतिदिन 70 बच्चे पढ़ने आते हैं।

इसमें ठाकुर कोड़रा, चांदपार समेत अन्य गांवों के बच्चे भी शामिल हैं। इनकी क्लास सुबह सात बजे से शुरू होती है और नौ बजे तक चलती है। सुबह पढ़ाई और शाम को लगाते हैं अंडे की दुकान होनहार देवेंद्र ने दिव्यांग सीमा को हमसफर बनाया है। घर की गाड़ी चलाने के लिए देवेंद्र चांदपार चौराहे पर हर दिन अंडा व चाट की दुकान लगाते हैं। दुकान से होने वाली आमदनी से घर का खर्च चलता है। गरीब बच्चों में वितरित करते हैं सामग्रीः इनकी कक्षा में गरीब से लेकर अमीर तक के बच्चे पढ़ने आते हैं। 15 अगस्त, 26 जनवरी, दो अक्टूबर को यह गरीब तबके के बच्चों में किताब, कापी व पेन का भी वितरण करते हैं। उनका कहना है कि क्षेत्र का हर बच्चा आदर्शवान बने, यही उनकी कोशिश है। यह तभी संभव है, जब हम खुद ऐसे बने।

# स्मार्टफोन से हाईटेक होंगी आशा कार्यकर्ता

महराजगंज। जिले में भर में कार्यक्रम आयोजित कर एक हजार आशा कार्यकर्ताओं को स्मार्टफोन वितरित किया गया। सरकार का स्मार्ट फोन प्राप्त कर आशा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर व्याप्त है। नगर के लान में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया ने कहा कि स्मार्टफोन मिलने से आशा कार्यकर्ता हाईटेक हो जाएंगी। उनके काम में पारदर्शिता और कुशलता आएगी। कार्यकर्ता अपना काम बेहतर ढंग से कर सकेंगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अशोक कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि स्मार्ट फोन मिल जाने से आशा कार्यकर्ताओं को डिजिटल डायरी बनाने में आसानी होगी। डिजिटल डायरी के माध्यम से उनको भुगतान लेने भी आसानी होगी। आशा कार्यकर्ता अपने दायित्वों का निर्वहन ठीक ढंग से करें। इस दौरान एसीएमओ (आरसीएच) डा.राकेश कुमार, डिस्ट्रिक्ट कम्यूनिटी प्रोसेस मैनेजर संदीप पाठक, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी श्रीभागवत सिंह, ब्लाक कम्यूनिटी प्रोसेस मैनेजर लवली वर्मा सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

परतावल संवाददाता के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परतावल में कार्यक्रम का शुभारंभ उत्तर प्रदेश प्राक्कलन समिति के सभापति व पनियरा विधायक ज्ञानेंद्र सिंह ने किया। विधायक ने कहा कि सरकार ने आशा कार्यकर्ताओं को डिजिटल बनाने की ओर कदम उठाया है। इस अवसर पर 50 आशा कार्यकर्ताओं को स्मार्ट फोन वितरित किया गया। कार्यक्रम में परतावल ब्लाक प्रमुख आनंद शंकर वर्मा ,अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.आइए अंसारी, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी वेद प्रकाश चौरसिया, डा. महेंद्र विक्रम प्रताप सिंह, डा. शशिभूषण, डा. अनिल जायसवाल, बीसीपीएम अमित कुमार गोंड, संजीव सिंह, शशिबिन्द मिश्रा,मनीष श्रीवास्तव मौजूद रहे।

आनंदनगर संवाददाता के अनुसार फरेंदा ब्लाक परिसर में स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक बजरंग बहादुर सिंह ने कहा कि सरकार सभी वर्ग के लोगों को लाभ पहुंचा रही है। समाज के हर वर्ग के लोग योजना का लाभ उठाए। इस दौरान उन्होंने आशा कार्यकर्ताओं को स्मार्टफोन वितरण कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम को नगर पंचायत अध्यक्ष राजेश जायसवाल, विधानसभा संयोजक विवेका पाण्डेय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनकटी के अधीक्षक डा. उमेश चन्द्र ने संबोधित किया। संचालन रामशरण गुप्ता ने किया। इस अवसर पर अंजनी सिंह, बबिता शर्मा, डब्बू सिंह, राजेश यादव, आशीष जायसवाल, विशाल वर्मा, हीरा गुप्ता उपस्थित रहे।

## जिला अस्पताल पर अलाव का इंतजाम नही

महराजगंज। ठंड बढ़ने के बाद भी शहर से लेकर गांव तक अलाव के बेहतर प्रबंध नहीं किए जा सके हैं। जिला अस्पताल पर मरीजों के साथ पहुंचे तीमारदारों को ठंड से ठिठुरना पड़ रहा है। . सुबह जिला अस्पताल और महिला अस्पताल के किनारे पर लोग आग का वैकल्पिक व्यवस्था कर ठंड से निजात पाने की कोशिश करते दिखे।

## कार्मिकों की सूची शीघ्र उपलब्ध कराएंः सीडीओ

महराजगंज। सीडीओ गौरव सिंह सोगरवाल ने कहा कि चुनाव से संबंधित जिन विभाग के कर्मचारियों की डाटा फिडिग नहीं हुई, वह अधिकारी एक दिन में कर्मचारियों की सूची उपलब्ध कराएं तथा प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें कि वह सूची उपलब्ध करा दिए हैं। सीडीओ .विकास भवन सभागार में विधान सभा 2022 को निष्पक्ष व सकुशल मतदान कराए जाने के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों के साथ कार्मिक डाटा फिडिग की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अधिकारी अपने कार्यों के प्रति निष्ठावान होकर कार्य करें तथा अभी से चुनाव के लिए पूरे मनोयोग से जुट जाएं। उन्होंने कहा कि ऐसे अधिकारी जो अपने विभाग के साथ अन्य विभाग का कार्य देख रहे हैं, वह भी उस कार्यालय के सभी कर्मचारियों की सूची उपलब्ध कराएं। चुनाव एक अति महत्वपूर्ण व राष्ट्रीय कार्य है। इससे वंचित होने की कोशिश में नुकसान हो सकता है। इसलिए जो कार्य दिए गए हैं, वह करना आवश्यक है,जन अधिकारियों को कंट्रोल रूम का नोडल बनाया गया है, वह कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर आवश्यक कार्यों के निस्तारण के लिए आवश्यक वस्तुओं को सुनिश्चित कर लें, जिससे सूचनाओं का आदान प्रदान सही ढंग से हो सके। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि जिन बूथों पर विद्युत कनेक्शन नहीं है, वहां अधिशासी अभियंता विद्युत को कनेक्शन के लिए आवेदन प्रस्तुत करें। इस दौरान वरिष्ठ कोषाधिकारी शालिग्राम, डीडीओ जगदीश त्रिपाठी, डीसी मनरेगा अनिल चौधरी, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी मनोज कुमार, डीएसटीओ अजय कुमार यादव सहित सभी नोडल अधिकारी, कार्यालयाध्यक्ष उपस्थित रहे।

# विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार के लिए नहीं मिले रहे दिव्यांग दंपती

महराजगंज। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के माध्यम से संचालित दिव्यांगजन शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के लिए जिले में लाभार्थी ही नहीं मिले रहे हैं। हालांकि इसके लिए मुख्य विकास अधिकारी ने खंड विकास अधिकारियों को पत्र भी लिखा है, लेकिन बीडीओ की शिथिलता के कारण जहां योजना प्रभावित हो रही है, वहीं विभाग की परेशानी भी बढ़ गई है। शासन दिव्यांगों को शादी करने पर शादी विवाह पुरस्कार योजना के तहत प्रोत्साहन राशि देती है, इसमें 40 फीसद दिव्यांग युवक को 15 हजार रुपये दिए जाते हैं। लेकिन अगर युवती दिव्यांग है, तो उसे 20 हजार रुपये दी जाती है। युवक–युवती दोनों दिव्यांग हैं, तो उन्हें 35 हजार रुपये दी जाती है। यह धनराशि पीएफएमएस के माध्यम से सीधो उनके खाते में भेजी जाती है। इस पुरस्कार के लिए जिले में शासन ने 17 दिव्यांगजन को लाभान्वित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है, लेकिन अभी तक सिर्फ चार ही दिव्यांग पात्र मिल सके हैं। यह है पात्रता की शर्त – शादी के समय युवक की आयु 21 वर्ष से कम और 48 वर्ष अधिक न हो, युवती की उम्र 18 वर्ष के कम तथा 45 वर्ष से अधिक न हो। – दंपती में कोई आयकरदाता श्रेणी अंतर्गत न हो। – मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा प्रदत्त दिव्यांगता प्रमाण पत्र के अनुसार दिव्यांगता 40 फीसद या उससे अधिक होनी चाहिए। – विवाह का नियमानुसार पंजीकरण होना चाहिए। – शादी एक अप्रैल 2020 के बाद संपन्न हुई हो। योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए दिव्यांगजनों को आनलाइन आवेदन करना है। इसके लिए प्रचार–प्रसार किया जा रहा है।

खंड विकास अधिकारियों को दो लाभार्थियों को चिन्हित कर आवेदन कराने का निर्देश दिया गया है। ग्राम प्रधानों से भी इसमें सहयोग लिया जा रहा है, ताकि लक्ष्य के अनुसार नवविवाहित दंपती को योजना के तहत लाभान्वित किया जा सके।

## 113 लोगों को दिलवाई गई कांग्रेस की सदस्यता

गोला गोरखपुर । गोला तहसील क्षेत्र मैं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने वृहद सदस्यता अभियान चलाया। सदस्यता अभियान क्षेत्र के कुर्दवाबारी झूमिला बाजार सहित आदि गांवों में कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष महेंद्र नाथ मिश्रा के नेतृत्व में चलाया गया। अभियान का शुभारंभ न्याय पंचायत अध्यक्ष खालिद रब्बानी ने किया। जिसमें 113 लोगों को सदस्यता दिलाई गई। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष श्री मिश्रा ने कहा कि भाजपा सरकार केवल वादों को गिनाने में माहिर है लेकिन उसे पूरा करना मुश्किल होता है। जनता इनकी वादों के झांसे में अब नहीं आने वाली आगामी विधानसभा चुनाव में जनता ही भारी बहुमत से कांग्रेस की सरकार बना कर निर्णय देगी। इस अवसर पर मैनुद्दीन रामवृक्ष यादव डॉक्टर मुन्ना अंसारी रघुराज दुबे रामकृपाल सुरेश आरिफ अंसारी सुधीर शर्मा विश्व देव दुबे सूरज मिश्रा गया प्रसाद गुलाब प्रसाद जितेंद्र शिवम राहुल मुन्नी दुबे रंजीत सहित आदि कार्यकर्ता गण मौजूद रहे।

# जिला रैली के समापन समारोह में झांकियों ने मोहा मन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सुकरौली / कुशीनगर। नेहरू इण्टर कालेज सेमरी सुकरौली में शुक्रवार को जनपदीय स्काउट गाइड रैली का तीसरे दिन समारोहपूर्वक समापन हुआ। जिसमें जनपद के विभिन्न विद्यालयों की टीमों ने तरह तरह की झांकियों द्वारा उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। उदित नारायण इंटर कालेज पडरौना के स्कॉउट गाइड द्वारा हाल ही में जनरल विपिन रावत के हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त होने का दृश्य प्रस्तुत किया गया। जिन्हें प्रथम स्थान मिला। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में जेपी इंटर कालेज कप्तानगंज की टीम चौम्पियन रही। गजेट्स निर्माण में बुद्ध इंटर कालेज कुशीनगर की टीम चौम्पियन रही। गेट टॉवर प्रतियोगिता में नेहरू इंटर कालेज सेमरी सुकरौली की टीम चौम्पियन रही। 12 टीमों का चयन मंडलीय रैली के लिए किया गया। जिसमें नेहरू इंटर कालेज सुकरौली की स्कॉउट व गाइड टीम, उदित नारायण इंटर कालेज पडरौना की स्कॉउट व



गाइड की टीम, बुद्ध इंटर कालेज कुशीनगर की स्कॉउट व गाइड टीम, जेपी इंटर कालेज कप्तानगंज की स्कॉउट व गाइड टीम, हनुमान इंटर कालेज पडरौना व पिपरैचा की गाइड टीम, पिपरा बाजार इंटर कालेज स्कॉउट, जनता इंटर कालेज कप्तानगंज स्कॉउट टीम शामिल है। सफल आयोजन के लिए संयुक्त शिक्षा निदेशक ने प्रबंधक विवेक सिंह बंटी, प्रधानाचार्य डॉ. अरूण प्रताप सिंह, जिला मुख्यायुक्त अश्विनी पांडेय, जिला उपाध्यक्ष स्कॉउट शैलेंद्र दत्त शुक्ल, प्रधानाचार्य परिषद के जिलाध्यक्ष डॉ. देवेंद्र मणि त्रिपाठी, जिला स्कॉउट कमिश्नर श्रीराम, ब्लॉक प्रमुख रंजना पासवान, सहायक जिला कमिश्नर कप्तानगंज गोविंद मिश्र, जगदीश पांडेय शिक्षक नेता, उप प्रबंधक यशवंत सिंह व मीडिया प्रभारी अनिल कुमार दूबे को सम्मानित किया। साथ ही कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विद्यालय के कर्मचारियों व सेवानिवृत्त शिक्षक व कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य डॉ. अरूण प्रताप सिंह व प्रबंधक विवेक सिंह बंटी ने अतिथियों का स्वागत किया। स्कॉउट मुख्यायुक्त अश्विनी कुमार पांडेय व जिला उपाध्यक्ष स्कॉउट शैलेंद्र दत्त शुक्ल ने स्कॉउट गाइड संस्था की ओर से स्वागत किया। इस अवसर पर बोलते हुए विद्यालय के प्रबंधक विवेक सिंह बंटी ने कहा कि स्काउट गाइड की रैली का आयोजन ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों में किया जाना चाहिए। जिससे ग्रामीण इलाकों में भी लोगों को इसकी अच्छाई जानने का अवसर मिले। स्कॉउट के अधिकारियों का जिला रैली के आयोजन का अवसर प्रदान करने के लिए आभार जताते हुए कहा कि यदि अवसर मिला तो हम मंडलीय रैली भी आयोजित करने के लिए भी तैयार हैं। मुख्य अतिथि जेडी योगेंद्र नाथ सिंह ने कहा कि बड़ी प्रसन्नता है कि प्रतिकूल मौसम में भी जनपद ने सफल आयोजन किया।आपका उत्साह और जज्बा सैल्यूट के काबिल है। भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसा आयोजन मेरठ में ही देखने को मिला था। आपने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर मेरी बहुत पुरानी इच्छा पूरी की है। कोरोना काल मे सभी डरे हुए थे तो आप सभी ने लोगों की सेवा किया। परहित सरिस धर्म नहीं भाई, सेवा ही धर्म है यही सब स्कॉउट में भी है। नारी सशक्तिकरण या देशभक्ति हो स्कॉउट की व्यापक सोच रही है। इसमें देश के लिए कुछ करने का जज्बा है। स्कॉउट देश भावना से ओतप्रोत रहता है। सभी विद्यार्थियों को इसमें भाग लेना चाहिए जिससे देश की सीमाएं सुरक्षित रहें। कार्यक्रम का संचालन डीओसी सतीश कुमार श्रीवास्तव ने किया। इस दौरान रैली के सह संयोजक डॉ. त्रिगुणानन्द मणि, माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह, स्कॉउट ट्रेनर इजहारुल हक, डीओसी गाइड निवेदिता श्रीवास्तव, रविन्द्र नारायण पाण्डेय, प्रधानाचार्य गांधी स्मारक इंटर कालेज हाटा नागेश्वर पति त्रिपाठी, बंश नारायण सिंह, नंदा पांडेय, आशुतोष पांडेय, कृष्ण कुमार राव, लक्ष्मी मिश्र, प्रह्लाद कुमार गुप्ता, शम्भूनाथ गुप्ता, धर्मेंद्र कुमार, विनोद कुमार, गजेन्द्र प्रताप सिंह, संतोष कुमार दूबे, इंद्रेश कुमार, अरविंद तिवारी, मनोज शाही, अंजुम आरा खान, रेनू बाला, अरविन्द श्रीवास्तव, जिला गाइड कैप्टन बेसिक मनोरमा त्रिपाठी, शिव शरण पांडेय जिला सचिव, विनय कुमार सिंह, ओमप्रकाश, डॉ. अंजू श्रीवास्तवा, प्रमोद रजक,, पूजा सैनी, अंकिता शुक्ला, डॉ नंदकिशोर, उमाकांत मिश्र, दिलीप सिंह, अयोध्या गुप्ता, देवी प्रसाद, विश्वदीपक मिश्र, करुणेशके श्रीवास्तव, मोनिका सिंह सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य ढुनमुन पांडेय,टीपी शाही, रामब्यास मिश्र, रामब्यास पांडेय, ताहिर हुसैन अंसारी पूर्व प्रधान राजेश गुप्ता हरिंदर त्रिपाठी ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन तहसील अध्यक्ष अशोक कुमार पत्रकार गजेंद्र मिश्रा तारा प्रसाद पाठक राघवेंद्र मिश्रा विनोद शर्मा आदि मौजूद रहे।

# लंकापति रावण के वध से तीनों लोक में छाई खुशियां

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। नगर के आटीएस क्लब में आयोजित श्री रामचरितमानस नवाह महायज्ञ के आठवें दिन श्रीराम द्वारा दशानन के वध की भव्य झांकी का दर्शन भक्तो ने किया। मुख्य आचार्य सूर्यलाल मिश्र के मुखारविंद से जैसे ही याद दोहा प्रसारित हुआ खेची सरासन भवन लगी छाटेड सर एकतीस रघुनायकायक चले मानहु काल कीस भगवान श्री राम कान तक धनुष को खींचकर 31 बाण छोड़े वह बाण ऐसे चले मानों कालसर्प हो और इन बाणों ने दशानन के नाभि के अमृत कुंड को सोख और वह पृथ्वी पर गिर पड़ा देखकर देवताओं, मुनियों, किन्नरों गंधर्वो के समूह भगवान श्री राम के ऊपर फूल बरसाने लगे कहते हैं कृपालु की जाए हो, मुकुल की जय हो जय हो। इस भव्य, मनोरम दृश्य को देखकर मानस पंडाल में उपस्थित भक्तजनों ने भगवान श्री राम की जय हो का गगनभेदी उद्घोष किया और इस अवसर पर पटाखे छोड़े गए। भगवान श्रीराम की भव्य झांकी का दर्शन कर भक्तों ने आध्यात्मिक आनंद उठाया इस आनंद बेला में भगवान श्री राम पर पुष्पों की वर्षा की गई। इसके पूर्व लंकापति रावण ने उपस्थित भूदेव की परिक्रमा किया और राम रावण संवाद बड़े ही रोचक ढंग से संपन्न हुआ। इसके



पूर्व शुक्रवार को रात्रि प्रवचन में कथावाचक हेमंत त्रिपाठी और मुरारी जी शास्त्री जी ने लंकाकांड के विभिन्न प्रसंगो

- **रावण ने की भूदेव की परिक्रमा**
- **श्री राम की विजय पर छोड़े गए पटाखे**

पर आधारित कथाओं का वर्णन किया जिसमे हनुमान का लंका को प्रस्थान सुरसा से भेज छाया पकड़ने वाली राक्षसों का वध, लंका वर्णन, लकिनी पर प्रहार, लंका में प्रवेश, हनुमान विभीषण संवाद हनुमान का अशोक वाटिका में सीता को देखकर दुखी होना और रावण का सीता को भय दिखाना, सीता हनुमान संवाद, हनुमान जी द्वारा अशोक वाटिका का विध्वंस अक्षय कुमार का वच, मेघनाथ का हनुमान जी को नागपाश में बांधकर राम दरबार में ले जाना, रावण हनुमान संवाद, लंका दहन, सीताजी से हनुमान जी द्वारा विदाई मांगना, चूडामणि लेकर वापस लौटना आदि प्रसंगों पर सारगर्भित संगीतमय कर देने वाला प्रवचन सुना। इस अवसर पर समिति के महामंत्री सुशील पाठक, शिशु त्रिपाठी, भाजपा के जिलाध्यक्ष अजीत चौबे, गोविन्द यादव, इंद्रदेव सिंह, अयोध्या दुबे, टिटू मेहता, रतनलाल गर्ग, धरमवीर तिवारी, गुल्लू भण्डारी, समिति के मीडिया प्रभारी हर्षवर्धन केसरवानी, मन्नु पाण्डेय, महेश दुबे, चंदन चौबे, रविंद्र पाठक, ऋषभ सिंह, मोहित केडिया सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

## अघोषित बिजली कटौती से क्षुब्ध होकर भाजयुमो ने ऊर्जा राज्य मंत्री को सौंपा ज्ञापन

दैनिक बुद्ध का संदेश

ओबरा/सोनभद्र। पीसीएल द्वारा अंधाधुन बिजली कटौती से



विकट समस्या उपभोक्ताओं को झेलनी पड़ रही है, इसको गंभीरता से न लेने वाले पीसीएल विभाग के विरुद्ध एक ज्ञापन पत्र भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ता ने ऊर्जा राज्य मंत्री को सौंपा। ओबरा मंडल महामंत्री समीर माली ने बताया कि पीसीएल के अधिकारियों द्वारा रोसिंटग के अतिरिक्त 24 घंटे में 12 से 15 घंटे बिजली की आपूर्ति को प्रतिदिन बाधित किया जा रहा है जिससे बच्चों का पठन–पाठन और दैनिक कार्य कर पाना मुश्किल हो गया है। पीसीएल के अधिकारी और कर्मचारियों से बिजली की समस्या को लेकर उपभोक्ता बात करना चाहते हैं तो सभी नंबर बंद रखते हैं। पीसीएल के जिम्मेदारों द्वारा क्षेत्र में घूम कर कभी भी बिजली समस्याओं के बारे में नहीं जाना जाता था और आए दिन बिजली काट कर विभिन्न समस्याएं गिना दी जाती हैं। मांगपत्र के द्वारा पीसीएल ओबरा में भ्रष्टाचार की भी जांच कराने की बात कही गई। और पीसीएल ओबरा के जिम्मेदारों का नंबर जो 24 घंटे चालू रहे उसको जारी किया जाए।

# यूपी के लिए कौन है उपयोगी ?

## सर्वे में जनता ने बताया किसकी बन सकती है सरकार, रोचक है मुकाबला

उत्तर प्रदेश में चुनाव की तारीख भले ही अभी आयोग ने घोषित नहीं की हैं, लेकिन माहौल पूरी तरह से बन चुका है। पीएम नरेंद्र मोदी, अमित शाह, योगी समेत भाजपा के तमाम नेता ताबड़तोड़ रैलियां करने में जुटे हैं तो अखिलेश यादव सपा के लिए अकेले ही रथयात्री बन निकल पड़े हैं। बसपा और कांग्रेस ने भी तैयारियां तेज कर दी हैं, लेकिन इन सबसे अहम है, जनता का मूड जो तय करेगा कि आखिर यूपी के लिए उपयोगी कौन है। एबीपी–सी वोटर के सर्वे में यूपी चुनाव को लेकर बड़े अनुमान लगाए गए हैं। जनता की राय में भले ही अब भी भाजपा पहले नंबर पर है, लेकिन सपा भी कमजोर नहीं है और मुकाबला दो ध्रुवीय रह जाने के चलते कड़ा होने की संभावना है। आइए जानते हैं,







**क्या है यूपी के लोगों की राय...**

49 फीसदी लोगों ने माना सत्ता में वापसी कर सकती है भाजपाः एबीपी–सी वोटर की ओर से 29 दिसंबर को जनता की राय ली गई, जिसमें से 49 फीसदी लोगों ने कहा कि भाजपा सत्ता में वापसी कर सकती है। इसके अलावा 30 प्रतिशत लोग सपा के पक्ष में दिखाई दिए। साफ है कि समाजवादी पार्टी भी मुकाबले में मजबूती के साथ है। सर्वे में शामिल 8 फीसदी लोग मायावती की सरकार के पक्ष में दिखे तो 6 फीसदी लोगों ने कांग्रेस को भी मजबूत दावेदार माना है। 2 प्रतिशत ने अन्य और 3 प्रतिशत ने त्रिशंकु विधानसभा होने की बात कही है। तीन प्रतिशत लोगों ने पता नहीं में जवाब दिया था। दिलचस्प बात यह है कि बीते सप्ताह के मुकाबले भाजपा की ताकत बढ़ती दिखी है।

**एक सप्ताह में भाजपा के पक्ष में और बना माहौल**

इससे पहले 23 दिसंबर को यही सवाल लोगों से पूछा गया था तो करीब 48 प्रतिशत लोगों ने कहा था कि बीजेपी को दोबारा यूपी की सत्ता मिलेगी। 31 प्रतिशत लोगों ने अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी का नाम लिया था। 7 प्रतिशत ने कहा था कि बसपा की सरकार यूपी में बनेगी।

6 प्रतिशत लोगों ने कहा था कि कांग्रेस का दशकों पुराना वनवास खत्म होगा। इस तरह से देखें तो बीते एक सप्ताह में भाजपा का माहौल पहले से बेहतर हुआ है। क्षेत्रवार भी बात करें तो पूर्वांचल से लेकर अवध, बुंदेलखंड और पश्चिम तक में भाजपा भारी पड़ रही है। दिलचस्प बात यह है कि जिस पश्चिम यूपी में किसान आंदोलन का असर माना जा रहा था, वहां भी वह सपा, बसपा जैसे दलों से आगे है। पूर्वांचल से और पश्चिम तक किसे कितने फीसदी मिल सकते हैं वोटः अवध में भाजपा को 44 फीसदी वोट मिलते दिख रहे हैं, जबकि सपा को 31 और बसपा को महज 10 पर्सेंट वोट ही मिलने का अनुमान है। कांग्रेस 8 फीसदी वोट हासिल कर सकती है। पश्चिमी यूपी में भाजपा का ही दबदबा है। यहां उसे 40 फीसदी वोट शेयर मिलता नजर आ रहा है। इसके अलावा सपा को 33 फीसदी मत मिल सकते हैं। यहां बसपा 15 फीसदी मत पा सकती है। कांग्रेस यहां भी 7 फीसदी पर ही सिमट सकती है। पूर्वांचल में130 सीटें हैं, जो किसी भी पार्टी को सत्ता के शीर्ष पर ले जाने में अहम भूमिका निभा सकती हैं। यहां भाजपा को 41 तो सपा को 36 पर्सेंट वोट मिल सकते हैं। बुंदेलखंड में 19 सीटें हैं। यहां भाजपा 42 फीसदी वोट पा सकती है। सपा यहां मुकाबले में काफी करीब है और 33 फीसदी वोट पा सकती है।

## मधुरिमा द्वारा आयोजित 59 वां अखिल भारतीय कवि सम्मेलन 3 जनवरी को

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। कविता, गीत, गजल के गूंजते स्वरों के मध्य साहित्य सरिता के अविरल प्रवाह में हास्य–व्यंग के साथ होगी प्यार–मोहब्बत से सराबोर शेरो शायरी खूब लगेंगे ठहाके और बजेंगी तालियां देश– प्रदेश के लब्ध प्रतिष्ठ कवियों, गीतकारों के मौजूदगी में मधुरिमा साहित्य गोष्ठी के



मेजबानी में आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन के 59 वें आयोजन का साक्षी बनेगा राबर्ट्सगंज का आरटीएस क्लब मैदान। सोनभद्र में साहित्य व संस्कृति का केन्द्र बन चुके इस आयोजन में डा. बुद्धिनाथ मिश्र (देहरादून), डा. हरिराम द्विवेदी, (वाराणसी), शिखा मिश्रा (कानपुर), शमीर शुक्ला (फतेहपुर), सलीम शिवालवी (वाराणसी), अहमद आजमी (गाजीपुर), मनमोहन मिश्र (देवरिया), कमलेश राजहंश (अनपरा), दिनेश 'दिनकर' (बीजपुर), डा. रामलखन जंगली (लीलासी) के अलावा प्रदेश व देश के ख्यातिलब्ध कवि, गीतकार व शायर शिरकत करेंगे। मधुरिमा साहित्य गोष्ठी द्वारा आयोजित 59 वां अखिल भारतीय कवि सम्मेलन राबर्ट्सगंज के आरटीएस क्लब मैदान में 3 जनवरी 2022, दिन– सोमवार को शायं 6.00 बजे से होना सुनिश्चित है उक्त कार्यक्रम को आयोजन समिति ने कोविड नियमों को ध्यान में रखते हुए नई गाइड लाइन के अनुरूप सम्पन्न कराने का निर्णय लिया है।उक्त आशय की जानकारी मधुरिमा साहित्य गोष्ठी के उपनिदेशक आशुतोष पाण्डेय ने दी।

# दिल्ली में और बढ़ेंगे प्रतिबंध ? अस्पतालों में भर्ती मरीजों की संख्या को लेकर सत्येंद्र जैन ने कही ये बात

नई दिल्ली। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने शनिवार को कहा कि क्या राजधानी में कोविड से संबंधित और प्रतिबंध लगाने की जरूरत है या नहीं, इसकी समीक्षा की जाएगी क्योंकि कोरोना वायरस के मामलों में तेजी से वृद्धि के बावजूद अस्पताल में भर्ती होने की संख्या फिलहाल कम है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से शुक्रवार को जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में संक्रमण के 1,796 मामले सामने आए और संक्रमण दर 2.44 फीसदी दर्ज की गई तथा संक्रमण से एक भी मरीज की मौत नहीं हुई। जैन ने संवाददाताओं से कहा कि वायरस तेजी से फैल रहा है, लेकिन अच्छी बात यह है मामले गंभीर नहीं हैं। संक्रमण का इलाज चाहे वह ओमिक्रॉन वैरिएंट का हो या डेल्टा का, इलाज और रोकथाम पहले वाले ही हैं। लोगों को बहुत आवश्यक होने पर ही बाहर निकलना चाहिए और



मास्क पहनना चाहिए। दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) ने बुधवार को यह निर्णय लिया था कि दिल्ली में श्येलो अलर्टश के तहत लगे प्रतिबंध अभी लागू रहेंगे और अधिकारी नए प्रतिबंध लगाने के संबंध में स्थिति पर नजर बनाए रखेंगे। जैन ने कहा कि हमने प्रतिबंध लगाए हैं। अन्य राज्यों में सिर्फ नाइट कर्फ्यू लागू है, लेकिन दिल्ली में हमने विद्यालय और मल्टीप्लेक्स समेत अन्य बंद कर दिए हैं। दिल्ली में दूसरी लहर के दौरान अप्रैल और मई में बड़ी संख्या में लोग अस्पताल में भर्ती हो रहे थे, लेकिन अब भर्ती संख्या कम है। आगे के प्रतिबंधों की समीक्षा होगी। डीडीएमए ने दिल्ली में ओमिक्रॉन वैरिएंट के बढ़ते मामलों को देखते हुए मंगलवार को ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी) के तहत एक श्येलो अलर्टश घोषित किया था। श्येलो अलर्टश में नाइट कर्फ्यू, स्कूलों और कॉलेजों को बंद करने, गैर–जरूरी सामान बेचने वाली दुकानों को ऑड–ईवन के आधार पर खोलने और मेट्रो ट्रेनों और बसों में बैठने की क्षमता को आधा करने जैसे प्रतिबंध शामिल हैं। इस सप्ताह की शुरुआत में, जैन ने कहा था कि ओमिक्रॉन धीरे–धीरे समुदाय में फैल रहा है और दिल्ली में विश्लेषण किए गए नवीनतम नमूनों में से 54 प्रतिशत में तेजी से फैलने वाला नया वैरिएंट पाया गया है।

देश में ओमिक्रोन के अब तक 1,431 मामले सामने आए

बता दें कि, भारत में कोरोना वायरस के नए वैरिएंट ओमिक्रॉन के 161 नए मामले सामने आने के बाद इस वैरिएंट के मामलों की संख्या बढ़कर 1,431 हो गई है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा शनिवार सुबह जारी आंकड़ों के अनुसार, ओमिक्रॉन वैरिएंट के 1,431 मामले 23 राज्यों तथा केन्द्र शासित प्रदेशों में सामने आए हैं और इनमें से 488 लोग या तो स्वस्थ हो गए हैं, या देश से चले गए हैं।

कोरोना वायरस के नए वैरिएंट के महाराष्ट्र में सबसे अधिक 454 मामले सामने आए हैं और इसके बाद दिल्ली में 351,केरल में 118 और गुजरात में 115 मामले सामने आए हैं। मंत्रालय के अनुसार, देश में कोविड–19 के दैनिक मामले 65 दिन बाद 16,000 से अधिक के आंकडे को पार कर गए, जिससे देश में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 3,48,61,579 हो गई है। वहीं, उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 1,04,781 हो गई है। भारत में कोरोना वायरस संक्रमण के 22,775 नए मामले सामने आए हैं तथा 220 और लोगों की मौत के बाद मृतकों की संख्या बढ़कर 4,81,080 हो गई है। देश में छह अक्टूबर को 24 घंटे में संक्रमण के 22,431 नए मामले सामने आए थे। वहीं, 30 नवंबर को उपचाराधीन रोगियों की संख्या एक लाख के पार चली गई थी। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि उपचाराधीन मामले संक्रमण के मामलों का 0.30 प्रतिशत हैं, जबकि संक्रमणमुक्त होने की राष्ट्रीय दर 98.32 प्रतिशत है। इसने कहा कि पिछले 24 घंटे में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 13,420 की वृद्धि हुई है। देश में पिछले साल सात अगस्त को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त को 30 लाख और पांच सितंबर को 40 लाख से अधिक हो गई थी। वहीं, संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर को 50 लाख, 28 सितंबर को 60 लाख, 11 अक्टूबर को 70 लाख, 29 अक्टूबर को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे। देश में 19 दिसंबर को ये मामले एक करोड़ के पार, इस साल चार मई को दो करोड़ के पार और 23 जून को तीन करोड़ के पार चले गए थे।

# क्राइम ब्रांच व थाना राबर्ट्सगंज पुलिस को मिली बड़ी सफलता

## 15 हजार रुपये का इनामिया लूट का वांछित अभियुक्त को अवैध असलहे के साथ किया गया गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। बीते दिनांक 17.12.2021 को थाना राबर्ट्सगंज



क्षेत्रान्तर्गत गौरी शंकर मंदिर के पास से संजय विश्वकर्मा पुत्र भोला विश्वकर्मा निवासी पड़री कला, थाना घोरावल, जनपद सोनभद्र की हुई मोटर साइकिल लूट की घटना के सम्बन्ध में थाना रा0गंज पर मु0अ0सं0–728ध2021, धारा 394 भादवि का अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक अमरेन्द्र प्रसाद सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय व क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में थाना राबर्ट्सगंज व क्राइम ब्रांच की टीम गठित कर घटना में संलिप्त अपराधियों की त्वरित गिरफ्तारी हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश दिए । इस टीम द्वारा दिनांक 01.01.2022 को चुर्क तिराहा लोढ़ी के पास से उपरोक्त घटना में वांछितध्फरार 15000ध–रू0 के पुरस्कार घोषित 01 नफर अभियुक्त नागेन्द्र सिंह पटेल पुत्र फूल सिंह निवासी गिरिया, थाना रामपुर बरकोनिया, जनपद सोनभद्र को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 01 अदद अवैध देशी तमन्चा 315 बोर मय 01 अदद जिन्दा कारतूस बरामद किया गया।

# 300 से ज्यादा गिरफ्तारी, 1791 किलो से अधिक ड्रग्स जब्त करने वाले समीर वानखेड़े का एनसीबी में एक्सटेंशन खत्म, नहीं मांगा विस्तार

विवादों से घिरे नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के मुंबई के जोनल डायरेक्टर समीर वानखेड़े का कार्यकाल शुक्रवार, 31 दिसंबर को समाप्त हो गया। 2008 बैच के भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के अधिकारी वानखेड़े ग–ऑन–क्रूज मामले में बॉलीवुड स्टार शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान की गिरफ्तारी के बाद काफी लाइमलाइट में रहे हैं। इस महीने की शुरुआत में, वानखेड़े ने पुष्टि की कि वह एनसीबी के साथ अपने कार्यकाल के विस्तार की मांग नहीं करेंगे। अधिकारियों के अनुसार, यह अभी तक स्पष्ट नहीं है कि उनकी एनसीबी प्रतिनियुक्ति समाप्त होने के बाद उन्हें कहाँ तैनात किया जाएगा। अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की आत्महत्या से मौत के बाद कथित बॉलीवुड ड्रग्स सिंडिकेट की जांच के लिए एनसीबी के साथ समीर वानखेड़े का महत्वपूर्ण कार्यकाल सबसे उल्लेखनीय है। अभिनेता रिया चक्रवर्ती से लेकर कई हाई–प्रोफाइल बॉलीवुड हस्तियों से वानखेड़े के नेतृत्व में ही एनसीबी द्वारा पूछताछ की गई और गिरफ्तारी भी हुई। इस साल अक्टूबर में, समीर वानखेड़े के नेतृत्व में एक टीम ने मुंबई तट पर एक क्रूज जहाज पर छापेमारी के दौरान कथित तौर पर ड्रग्स बरामद किया और आर्यन खान को अन्य लोगों के साथ गिरफ्तार किया। लेकिन बाद में एनसीबी द्वारा छापेमारी के



दौरान इस्तेमाल किए गए स्वतंत्र गवाहों की साख के बारे में सवाल उठाए गए, और यह भी आरोप लगाया गया कि एजेंसी के अधिकारियों द्वारा शाहरुख खान से पैसे उगाही का प्रयास किया गया था।महाराष्ट्र के मंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के नेता नवाब मलिक ने भी वानखेड़े के खिलाफ आरोपों की झड़ी लगा दी, उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारी एक मुस्लिम होते हुए अनुसूचित जाति (एससी) कोटे में नौकरी पाने के लिए फर्जी जाति प्रमाण पत्र का उपयोग किया। ऐसा रहा कार्यकाल : नॉरकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के मुंबई के जोनल डायरेक्टर समीर वानखेड़े ने उन्होंने अगस्त 2020 से दिसंबर 2020 तक 96 लोगों को गिरफ्तार किया और 28 मामले दर्ज किए। 2021 में उन्होंने 234 लोगों को गिरफ्तार किया और 117 मामले दर्ज किए। एनसीबी ने आगे बताया कि समीर वानखेड़े ने लगभग 1000 करोड़ रुपये की 1791 किलोग्राम से अधिक ड्रग्स जब्त कीं और 11 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति को फ्रीज किया।

# युवाओं की दम पर फिर बनेगी भाजपा सरकार:सुब्रत पाठक

## बिलग्राम में सम्पन्न हुआ भाजपा का जिला युवा समनेलन

हरदोई। युवा सम्मेलन बाबा मंशानाथ इंटर कॉलेज बिलग्राम में आयोजित हुआ जिसमें मुख्य अतिथि कन्नौज के सांसद पूर्व प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा उत्तर प्रदेश सुब्रत पाठक ने कहा, इस बार फिर युवाओं की दम पर भाजपा सरकार बनेगी। समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा ,समाजवादी पार्टी नहीं परिवारवाद पार्टी है जिसमें मुख्यमंत्री एक परिवार का होता है और भारतीय जनता पार्टी की योजनाओं का गुणगान किया कहा किसानों की आय दोगुनी करने के लिए मोदी जी ने किसान सामान्य निधि महिलाओं के लिए निशुल्क गैस सिलेंडर हर घर स्वच्छ भारत के तहत शौचालय निर्माण करने का काम किया प्रधानमंत्री आवास वृद्धा विधवा की पेंशन ध्1000 करने का काम भारतीय जनता पार्टी ने किया।

कार्यक्रम में आए विशिष्ट अतिथि शिववीर सिंह भदोरिया ने कहा, जिस तरीके से 2017 में प्रचंड बहुमत की सरकार बनी थी उसी प्रकार 2022 में युवाओं की दम पर पूरा सरकार बनाएंगे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष सौरभ मिश्र नीरज ने आए हुए सभी युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं का धन्यवाद दिया और कहा, इस बार जनपद में 8 विधानसभाओं पर कमल खिलाने की युवाओं की जिम्मेदारी है। युवा सम्मेलन में मुख्य रूप से युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष आकाश सिंह प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अमन मिश्रा क्षेत्रीय अध्यक्ष अवध क्षेत्र नितिन मित्तल बिलग्राम मल्लावां के विधायक आशीष सिंह आशु ,जिला महामंत्री अजीत सिंह बब्बन, जिला महामंत्री युवा मोर्चा प्रखर अग्निहोत्री, भास्कर मौर्य जिला उपाध्यक्ष, अंशुमान, कार्तिक तिवारी, शिवेंद्र सिंह, रजनीश गुप्ता ,जिला मंत्री मयंक सिंह, काव्या राठौर, जिला मीडिया प्रभारी अनुज मिश्रा, सह मीडिया प्रभारी आयुष सिंह जिला कार्यसमिति सदस्य रवींद्र मिश्र आदि उपस्थित रहे।

# आशा कार्यकर्ताओं को मिला स्मार्ट फोन,काम में होगी सहूलियत

हरदोई ।मुख्यमंत्री योगी एआदित्यनाथ ने लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रदेश की आशा कार्यकर्ताओं को मोबाइल फोन प्रदान किए जाने की शुरुआत की। इसी क्रम में .. ही जनपद के नया गांव स्थित 100 शैय्या संयुक्त चिकित्सालय में आशा कार्यकर्ताओं को जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती द्वारा मोबाइल फोन प्रदान किए गए ।

इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा – यह डिजिटल युग है । स्मार्ट फोन पास होने से आशा कार्यकर्ताओं का काम आसान हो जाएगा । स्वास्थ्य कार्यक्रमों की जानकारी हो या लाभार्थियों की सभी जानकारी उनकी मुट्ठी में होगी ।इससे आशा कार्यकर्ता नई तकनीक से जुड़ेंगी ।इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओम प्रकाश तिवारी ने कहा – आशा कार्यकर्ता स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ की हड्डी है। स्मार्ट फोन आशा कार्यकर्ता की रिपोर्टिंग और आंकड़े दर्ज करने में बहुत ही मदद करेगा ।जिले की कुल 1146 आशा कार्यकर्ताओं को स्मार्टफोन दिए जाएंगे। आज कार्यक्रम में 51 आशा कार्यकर्ताओं को स्मार्टफोन का वितरण किया गया है ।जिले की 50 आशा कार्यकर्ता लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित मुख्यमंत्री के मोबाइल फोन वितरण कार्यक्रम में शामिल होने गई हैं।

इस मौके पर 100 शैय्या संयुक्त चिकित्सालय के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. मनोज श्रीवास्तव, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुशील कुमार, जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी प्रेम चंद यादव, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुजीत कुमार, जिला समुदाय प्रक्रिया प्रबंधक शिव कुमार सिंह, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के जिला समन्वयक सच्चिदानंद मिश्रा सहित बड़ी संख्या में आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहीं ।मोबाइल फोन पाकर आशा कार्यकर्ताओं के चेहरे पर खुशी देखने को मिली।

## भाजपा अनुसूचित मोर्चा जिला प्रभारी अविनाश पांडे ने की समीक्षा बैठक

हरदोई। भारतीय जनता पार्टी के अनुसूचित मोर्चा के होने वाले विशाल सम्मेलन की तैयारी हेतु भाजपा जिला कार्यालय पर अनुसूचित मोर्चा के जिला प्रभारी भाजपा जिला मंत्री अविनाश पांडे ने अनुसूचित मोर्चा के जिला अध्यक्ष महिपाल गौतम के साथ बैठक कर सम्मेलन को सफल बनाने की योजना बनाई कल 1 जनवरी को भाजपा कार्यालय पर अनुसूचित मोर्चा के सभी पदाधिकारियों को सम्मेलन को सफल बनाने हेतु बैठक में बुलाया गया है प्रदेश एवं जिला नेतृत्व की संस्तुति पर सम्मेलन का स्थान सीतापुर रोड ग्राम बदौली शुक्ला पेट्रोल पंप के पास मां गेस्ट हाउस में रखा गया है 2 जनवरी 2022 दिन रविवार को सुबह 10रू00 बजे सम्मेलन हेतु सभी कार्यकर्ताओं को पहुंचने का आग्रह किया गया है इस अवसर पर अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय महामंत्री पीके वर्मा भाजपा जिला महामंत्री अनुराग मिश्रा महामंत्री इंजीनियर वर्मा इंजीनियर रामप्रसाद आशुतोष सहित प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

## अम्बेडकर प्रतिमा रखने पर दो पक्षों के बीच विवाद

जौनपुर। बरसठी थाना क्षेत्र के हरद्वारी गाँव मे अम्बेडकर प्रतिमा रखने को लेकर दो पक्षों के विवाद हो गया। सूचना पर तहसील प्रशासन और भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुचकर प्रतिमा को हटवाया। प्रतिमा भीटे की जमीन पर रखी जा रही थी और बर्चस्व को लेकर दो पक्षों के विवाद हुआ। बताते है कि हरद्वारी गाँव मे भीटे खाते की जमीन पर आपसी सहमति से अम्बेडकर प्रतिमा रखने की गाँव वालों की सहमति हुई। उसके लिए चबूतरा भी बनकर तैयार हो गया। गाँव के एक पक्ष मनोज मुन्ना और सुरेश प्रतिमा के सिला पट्ट पर नाम लिख दिया गया जब यह बात गाँव के दूसरे पक्ष के बसन्ता आदि को लगी तो रातोंरात चबूतरे पर दूसरी अम्बेडकर प्रतिमा लगा दिया गया ।पहले पक्ष का प्रतिमा नही लगी थी यह देखकर नाराज हो गए और प्रतिमा के स्थान पर विवाद दोनो पक्षों के बीच विवाद हो गया विवाद बढ़ता देख पुलिस को सूचना दिया गया। सूचना पर नायब तहसीलदार संतोष सिंह, सीओ संत प्रसाद उपाध्याय, राजस्व निरीक्षक ओपी चौधरी लेखपाल सुरेश कुमार बरसठी थानाध्यक्ष राम सरीख गौतम पहुच गए और कागजात देखने के बाद पता चला कि यह जमीन भीटे खाते की है । नायब तहसीलदार संतोष सिंह ने भीटा खाते की जमीन बताया और चबूतरे पर रखे अम्बेडकर प्रतिमा को हटवा दिया और चबूतरे को मजदूर लगवाकर उसे तोड़वा दिया।

# लोकबन्धु राजनारायण की मनी पुण्यतिथि

जौनपुर। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पूर्व केंद्रीय मंत्री,महान समाजवादी चिंतक,स्वतंत्रता संग्राम सेनानी,भारत छोड़ो आंदोलन के मुख्य कर्णधार लोकबंधु राजनारायण की पुण्यतिथि पर उनका भावपूर्ण स्मरण किया। उनके सिद्धांतों पर चलकर पार्टी को मजबूत करने का संकल्प लिया। अल्फस्टीनगंज स्थित जिला कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में सपा कार्यकर्ताओं ने समाजवादी चिंतक राजनारायण के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उक्त अवसर पर समाजवादी पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव पूर्व विधायक मोहम्मद अरशद खान ने कहा कि राजनारायण ने आजीवन समाजवादी सिद्धांतों की राजनीति की। रायबरेली लोकसभा सीट पर पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की जीत के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। हाईकोर्ट ने इंदिरा गांधी के चुनाव को अवैध घोषित कर दिया था। इसके बाद देश में आपातकाल लागू हुआ था ।ये राजनरायन जी की ही प्रतिबद्धता थी की उन्होंने इंदिरा जी के विरुद्ध आवाज उठाई बल्कि उन्हें पराजित करते हुए गैर कांग्रेसी सरकार बनाने में अहम भूमिका निभाई। विवेक रंजन यादव बबलू, आरिफ हबीब ,विजय प्रताप बागी राजेश प्रजापति,मालती निषाद ने भी संबोधित किया। उक्त अवसर पर शकील मंसूरी, मोनू सोनकर, अब्दुल्लाह कलीम, अब्दुल्ला अख्तर, राजा समाजवादी,धर्मेंद्र सोनकर,अमजद अली आदि उपस्थित रहे। अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष श्याम बहादुर पाल तथा संचालन कमालुद्दीन अंसारी ने किया।

## पिकअप में भरकर ले जा रहे गोवंश को अरवल पुलिस ने किया बरामद

हरदोई। अरवल थाना क्षेत्र के श्रीमऊ चौराहे पर जब पिक अप में भरकर ले जा रहे 6 गोवंश को अरवल पुलिस ने बरामद कर पिकअप को कब्जे में ले लिया है। मामले में दोनो आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर ... ... जेल भेज दिया गया है। अरवल थानाध्यक्ष राजपाल सिंह ने बताया कि कटियारी क्षेत्र के बारामऊ गांव निवासी पिकअप चालक राघवेंद्र व उसका साथी अरविंद . रात एक पिकअप से गोवंश भरकर ले जा रहे थे ।श्रीमऊ गांव के चौराहे पर वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने पिकअप को रोका तो उसमें गोवंश पाये गये । जिस पर पुलिस ने पिकअप को कब्जे में लेकर दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। पुलिस ने जब कड़ाई से पूछताछ की आरोपियों ने बताया कि वह गोवंश खंदेरिया गांव से बेचने के लिए फर्रुखाबाद ले जा रहे थे। दोनों आरोपियों के विरुद्ध गोवंश अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

# शिविर में पशुओं के स्वास्थ्य की हुई जांच

जौनपुर। मुंगराबादशाहपुर के ग्राम इटहरा में पशुपालन विभाग की तरफ से पं0 दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेला व शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ विहिप के जिला मंत्री विशम्भर दुबे ने गाय को तिलक लगाकर पं0 दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मंत्रोच्चारण के साथ फीता काटकर किया। विहिप जिला मंत्री विशंभर दुबे ने गायों की पूजा के पश्चात उन्होंने लोगों से देशी गोवंश पालने पर जोर देते हुए बताया कि उन की रोग प्रतिरोधक क्षमता विदेशी पशुओं से अधिक होने के साथ ही उनका दूध भी अधिक पौष्टिक होता है। उन्होंने आगे कहा कि हमारा देश पशुपालन एवं कृषि प्रधान देश है। पशुपालन से हमें शुद्ध दूध तो मिलता ही है साथ ही उनके गोबर से जैविक खाद भी बनाकर उसके रासायनिक खाद का उपयोग किया जाता है। पशु चिकित्सा अधिकारी डा0 डी डी सरकार ने कहा कि पशुपालक इस समय अपने पशुओं को ठंड लगने से बचाएं तथा नियमित रूप से पशुओं को पौष्टिक आहार के साथ कीड़ी की दवा जरूर दे। आगे कहा कि पशुओं के नियमित देख–रेख से पशुपालक अपनी आर्थिक स्थिति को सुधार सकते हैं। उक्त मेले में डॉक्टरों द्वारा पशुओं की जांच कर निशुल्क पशुओं में टीकाकरण एवं दवा का वितरण किया गया। इस अवसर पर पशुधन प्रसार अधिकारी संजय सिंह, ग्राम प्रधान अनिल सरोज, शेष मणि मौर्य, रमाकांत पांडे, शीतला प्रसाद, तीर्थराज तिवारी, लल्लू तिवारी, हौसला यादव व रामजी यादव सहित बड़ी संख्या में पशुपालक अपने पशुओं के साथ उपस्थित रहें ।

## मतदान में जोड़ने के लिए जागरूक करें

जौनपुर। जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों के संदर्भ में अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में कहा कि चुनाव निष्पक्ष, पारदर्शिता पूर्ण और कोविड–19 प्रोटोकॉल को ध्यान में रखते हुए संपन्न कराने के लिए सभी प्रकार की तैयारियां पूर्ण कर ली जाए। सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि युवा मतदाताओ को मतदान में जोड़ने के लिए जागरूक करें। जनपद का मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप को–ऑर्डिनेटर ऐसे कार्यक्रम कराएं जिससे अधिक से अधिक लोग मतदान करने हेतु प्रेरित हो सके। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि निर्वाचन से संबंधित सभी अधिकारीगण आयोग के द्वारा दिए गए अद्यतन गाइडलाइन का अध्ययन अवश्य कर लें। निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारी यह सुनिश्चित कर ले की सभी का शत–प्रतिशत कोरोना का टीकाकरण हो जाए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग की मंशा है कि सभी बूथों पर आधारभूत सुविधा उपलब्ध रहें। मॉडल बूथ बनाए जाने के भी निर्देश जिलाधिकारी के द्वारा दिए गए। उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम प्रकाश सहित अन्य प्रभारी अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# धौंस देकर ठग 60 पैकेट सिगरेट लेकर फरार

जौनपुर। खेतासराय कस्बे की एक जलपान की दुकान पर पहुंचे एक अजनबी ठग ने दुकानदार पर धौंस जमाकर 60 पैकेट सिगरेट लेकर फरार हो गया। सच्चाई जानने पर दुकानदार हाथ मलता रह गया। सिगरेट की कीमत छह हजार बताई जा रही है। चौराहा के पास खुटहन रोड पर लल्लन गुप्ता की चाय पान की दुकान है। दोपहर बाद एक बाइक सवार दुकान पर पर पहुंचा। दुकान में सिगरेट का पैकेट देख दुकानदार से कहा कि सिगरेट क्यों बेचते हो। सिगरेट बेचना जुर्म है। धौंस देते हुए अजनबी ठग ने सारा सिगरेट का पैकेट लेकर थाने चलने को कहा। दुकानदार ने डरवश सारा सिगरेट का पैकेट पॉलिथिन में रखकर उसके साथ बाइक पर बैठ लिया। थाने से चंद कदम पहले अंग्रेजी शराब की दुकान के पास अजनबी ने बाइक रोककर एक अंडे की दुकान से अंडे लाने को कहा। बाइक से उतर कर दुकानदार अंडे लेने गया। तभी बाइक सवार अजनबी सिगरेट समेत बाइक से फरार हो गया। भुक्तभोगी दुकानदार थाने पहुंच कर पुलिस से पूरी बात बताई तो पता चला कि थाने से कोई नहीं गया था। दुकानदार को समझते देर नहीं लगी कि वह धोखाधड़ी का शिकार हो गया है। भुक्तभोगी दुकानदार के अनुसार ठग द्वारा ले गए 60 पैकेट सिगरेट में 30 पैकेट कैप्टन और 30 पैकेट गोल्डफ्लैग के सिगरेट थे।

## एक बार फिर से 102 एंबुलेंस बनी जीवनदायिनी

हरदोई। जनपद ब्लॉक बावन के मानीमऊ गांव में निवासी आरती उम्र 25 वर्ष पत्नी विवेक के प्रसव पीड़ा होने लगी ।गांव की आशा बहू रीता ने 102 एंबुलेंस कॉल की एंबुलेंस गांव पहुंची मरीज को लेकर जा रहे थे कि रास्ते में प्रसव पीड़ा तेज होने लगी यह देखकर आईएमटी साधना राजपूत और पायलट मनोज कुमार ने गाड़ी को सड़क के किनारे रोका और प्रसव कराने लगी,प्रसव पीड़ा आरती को पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई और मरीज की जान भी बच गई। इससे परिवार के सभी सदस्यों में प्रसन्न होकर एंबुलेंस के कर्मचारियों की सहराना। मरीज व उसके बच्चे को जब अस्पताल ले ले गए वहां डॉक्टरों ने जच्चा बच्चा दोनों स्वस्थ बताया है।

## अत्याचार के खिलाफ लड़ते थे राज नारायण: जगदीश राय

जौनपुर। धर्मापुर विकास खंड के कबीरुद्दीनपुर गांव में पूर्व कैबिनेट मंत्री जगदीश नारायण राय के आवास पर सोशलिस्ट नेता व पूर्व सांसद राजनरायण सिंह की पुण्यतिथि पर गोष्ठी का आयोजन कर उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला गया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री जगदीश नारायण राय ने कहा कि राज नारायण सिंह अन्याय व अत्याचार के खिलाफ लड़ते हुए सदैव सामाजिक समरसता व समाज में व्याप्त ऊंच नीच की खाईं को पाटने का काम किया। हमेशा गरीबों, मजदूरों, मजलूमों, के हितैषी रहे , और उनके आर्थिक सामाजिक, उत्थान के लिए संघर्ष करते रहे । उनके व्यक्तित्व का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि श्री सिंह ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को चुनाव हराने के साथ ही कांग्रेस जैसी पार्टी की चूलें हिला दी थी । उनके विचार आज भी प्रासंगिक है। हमारी आने वाली पीढ़ियां सदियों राज नारायण सिंह के विचारों से लाभान्वित होती रहेंगी । ऐसे महान मानव को याद कर गर्व का अनुभव होता है । इस मौके पर राम प्रसाद राजभर, मंजर राजभर, चौहारजा गौतम, पत्रकार विद्याधर राय विद्यार्थी , मंशा यादव, राजेन्द्र यादव, सहित भारी संख्या में क्षेत्रीय ग्रामीण व सपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## दिव्यांग बच्चों को दिया कपड़े और खाद्यान

जौनपर। हर्षिता इंटरनेशनल दिव्यांग स्कूल बक्शा में अपना दल यस के बरिष्ठ नेता पप्पू माली ने दिव्यांग बच्चों के बीच केक काटकर अपना अपना जन्म दिन मनाया। इस दौरन उन्होने दिव्यांग बच्चों को बस्त्र व खाद्यान सामग्री वितरित किया । दिव्यांग बच्चे कपड़े व खाद्यान सामग्री पाकर बहुत खुश हुए । पप्पू माली ने कहा ऐसे बच्चों को हेय दृष्टि से नही देखना चाहिए ऐसे बच्चों को दया नहीं सहयोग करना चाहिए। इन बच्चों के अन्दर अनेक प्रतिभाएं छिपी होती है । उन प्रतिभाओं को निखारने की जरूरत है जिससे ये बच्चे भी अपना सामान्य जीवन जी सके ,इनकी प्रतिभाओं को देखते हुए प्रधानमंत्री ने विकलांग शब्द हटाकर दिव्यांग शब्द जोड़ दिया । इस संस्थान का सहयोग करता रहूँगा । अपना दल यस के प्रदेश सचिव लालप्रताप पाल ने कहा इन दिव्यांग बच्चों को सर्टिफिकेट बनवाने में मैं पूरा सहयोग करूँगा। बक्शा प्रधान पुत्र अजित मौर्य ,सचिव विनय माली , डॉ0 गीतेश यादव ,कमला प्रसाद गुप्ता ,मदन लाल गुप्ता, दिलीप उपाध्याय,संस्थान उपाध्यक्ष रामअवतार माली, मनोज माली, संदीप सैनी, शिवपूजन माली, शिल्पा गुप्ता, दीपा गुप्ता, सुदामा व दिव्यांग बच्चे व दिव्यांग बच्चों के अभिभावक उपस्थित रहे।

### आशा बहुओं को एंड्रायड फोन वितरित किया

जौनपुर। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी के सभागार में विकास खण्ड धर्मापुर, सिकरारा, सिरकोनी, जलालपुर, करंजाकला आदि क्षेत्रों के लगभग 45 आशा बहुओं को एंड्रायड फोन वितरित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि आशाओ को स्मार्टफोन के उपयोग से फील्ड में काम करने में काफी सहूलियत होगी। जनपद में आशा बहुओं के द्वारा सभी प्रकार के कार्यक्रमो में उल्लेखनीय कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट फोन के साथ स्मार्ट आशा बने। जिलाधिकारी ने कहा कि तीसरी लहर के मद्देनजर सभी लोग अलर्ट रहें। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ लक्ष्मी सिंह को निर्देश दिया कि आशा बहुओ को कोरोना किट उपलब्ध करा दें, जिससे किसी को लक्षण प्रतीत होने पर तत्काल दवा खिलाया जा सके। इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी नरेंद्र सिंह, डॉ आर के सिंह, डॉ राजीव यादव सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### पशु पंजीकरण के लिए चलाया गया अभियान

जौनपुर। विकास खंड मछलीशहर की ग्राम पंचायत बामी में पशुपालन विभाग की टीम द्वारा पंजीकरण अभियान चलाया गया। इस अभियान में सर्वप्रथम पशुपालक के आधार नंबर के सापेक्ष चार माह से अधिक आयु के पशु को एक विशेष पहचान संख्या का टैग कान में पंच कर दिया गया। इयर टैगिंग के पश्चात पशु को डि वार्मिंग की दवा दी जा रही है। पंजीकरण अभियान में पशुओं की नस्ल,आयु,ब्यात और गर्भाधान की स्थिति के बारे में जानकारी एकत्रित की जा रही है ।ये सारी जानकारियां ईनाफ साफ्टवेयर पर अपलोड की जायेगी। इससे पशुओं के टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान, नस्ल सुधार में सहायता मिलेगी। इस सम्बन्ध में पशुधन प्रसार अधिकारी अमित कुमार शर्मा का कहना है कि सरकार का स्पष्ट निर्देश है कि टैगिंग नहीं तो टीकाकरण नहींश। ग्राम प्रधान बामी श्रीमती सरोज सिंह ने ग्रामवासियों से आह्वान किया कि वे भविष्य की योजनाओं का लाभ पाने के लिए पशुओं का पंजीकरण अवश्य करवायें। पंजीकरण टीम में पशुधन प्रसार अधिकारी के अलावा वैक्सीनेटर प्रिंस सिंह, अभिषेक सिंह, कुलदीप कुमार सिंह और प्रमोद कुमार यादव शामिल रहें।

## फैक्ट्री मजदूर ने फांसी लगाकर दी जान

कानपुर। कानपुर आउटर बिधनू थाना क्षेत्र के गंगापुर कालोनी में . देर रात फैक्ट्री मजदूर ने पंखे के कुंडे के सहारे रस्सी के फंदे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पड़ोसियों की मदद से दरवाजा तोड़कर शव नीचे उतारा गया। मूलरूप से कन्नौज निवासी किसान धनीराम मिश्रा का छोटा बेटा विकास (23) गंगापुर कालोनी में बड़े बेटे विवेक के साथ किराए के मकान में रहता था। बड़े भाई विवेक ने बताया कि विकास उनके साथ दादा नगर स्थित एक फैक्ट्री में मजदूरी करते था। रात को वह उनके साथ फैक्ट्री से वापस आया था। पत्नी माया ने खाना खाने को बोला तो वह भूख न होने की बात कहकर कमरें में सोने चला गया। सुबह देर तक विकास कमरे से बाहर नहीं निकला तो वह उसे जगाने के लिए दरवाजे की कुंडी खटकाई। काफी देर तक कोई उत्तर न आने पर पड़ोसियों की मदद से दरवाजा तोड़कर अंदर गए तो भाई का शव रस्सी के फंदे से लटका देख दंग रह गए।

## बढ़ा जीएसटी औरमण्डी शुल्क वापस लिया जाये

जौनपुर। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष श्रवण जायसवाल के नेतृत्व में व्यापारियों का एक प्रतिनिधिमण्डल जिलाधिकारी मनीष वर्मा से मिला। इस दौरान उन्होंने महामहिम राष्ट्रपति के नाम सम्बोधित 6 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन उन्हें सौंपा। साथ ही श्री जायसवाल ने कहा कि कोरोना काल में आर्थिक कंगाली के कगार पर पहुंचा व्यापारी सहित आम आदमी तमाम दुश्वारियों का सामना करना रहा है। भारत सरकार ने जब जीएसटी कानून लागू किया था तो एक नारा दिया था कि एक देश–एक टैक्स लेकिन वह नारा कहीं भी परिणीत होता नहीं दिख रहा है, क्योंकि कुछ जरूरत की चीजों पर अलग से जीएसटी लगा दिया गया है। श्री जायसवाल ने कहा कि ऐसे में कपड़ा, फूट बियर पर बढ़ाये गये जीएसटी दर सहित मण्डी शुल्क वापस लिया जाय। तिलहन के स्टाक सीमितता को वापस करते हुये आनलाइन कारोबार पर रोक लगायी जाय। व्यापारियों के साथ हो रहे अपराध पर रोक लगाते हुये पेट्रोलियम पदार्थों को जीएसटी के दायरे में लाया जाय। अन्त में श्री जायसवाल ने चेतावनी दी कि उपरोक्त मांगों को दृष्टिगत रखते हुये यदि नहीं मानी गयी तो व्यापार मण्डल सभी व्यापारियों सहित आम जनमानस के साथ सड़क पर उतरने को बाध्य हो जायेगा। श्री जायसवाल के नेतृत्व में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपने के दौरान अशोक साहू, अनवारूल हक, अमरनाथ मोदनवाल, पवन जायसवाल, राजेश यादव, अरविन्द जायसवाल, सोनू जायसवाल, प्रदीप निषाद, रामेश्वर निषाद, कृष्ण कुमार यादव सभासद, विजय मौर्य, शशि श्रीवास्तव, विनोद यादव सहित तमाम व्यापारी मौजूद रहे।

हिन्दी दैनिक
बुद्ध का संदेश
समाचार पत्र
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स, ज्योतिनगर, मधुकरपुर, निकट हीरो हौंडा एजेन्सी, सिद्धार्थनगर, 272207 उ.प्र. से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.- UPHIN/2012/49458
संस्थापकः- स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादकः- राजेश कुमार शर्मा
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इन से उत्पन्न समस्त विवाद जनपद सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।
8795951917, 9453824459
ई-न्यूज पेपरः- www.budhakasandesh.com
E-Mail ID:. budhakasandeshnews@gmail.com

# 2022 में जरूर लें स्किन केयर से जुड़े ये संकल्प, त्वचा रहेगी स्वस्थ



अब 2022 यानी नए साल के आगमन में हर कोई कुछ न कुछ संकल्प लेने के बारे सोच रहा होगा। अगर आप त्वचा की देखभाल से जुड़े संकल्प लेने की सोच रहे हैं तो आज हम आपकी काफी मदद कर सकते हैं। आइए आज हम आपको स्किन केयर से जुड़े ऐसे 10 संकल्पों के बारे में बताते हैं, जिन्हें अपनाकर आप अपनी त्वचा को साफ, स्वस्थ और खूबसूरत बनाए रख सकते हैं।

मॉइश्चराइजिंग है जरूरी और सनस्क्रीन का करें इस्तेमालः 1. रूखी त्वचा समय से पहले चेहरे पर बढ़ती उम्र के लक्षणों को उभारने का काम कर सकती है, इसलिए हर किसी के स्किन केयर रूटीन में मॉइश्चराइजर का होना महत्वपूर्ण है। यह त्वचा को नमी प्रदान के साथ इसकी कोमलता को बरकरार रखने में मदद कर सकता है। 2. सूरज की हानिकारक यूवी किरणों का त्वचा पर बुरा प्रभाव पड़ता है, इसलिए इससे त्वचा को बचाना जरूरी है। इसके लिए आप सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें।

दिन में दो बार चेहरा धोएं और हफ्ते में एक बार फेस मास्क लगाएंः 3. रोजाना दिन में दो बार अपने चेहरे को साफ करें। वहीं, प्रदूषण और मेकअप की वजह से रात तक चेहरे में गंदगी जम जाती है, जिस कारण इसे क्लींनर से साफ करना जरूरी है। चेहरे को साफ करने के लिए किसी ऐसे क्लींनर का इस्तेमाल करें, जो आपकी त्वचा के प्रकार के हिसाब से अच्छा हो। 4. हफ्ते में एक बार फेस मास्क का इस्तेमाल करें। ध्यान रखें कि वह त्वचा की जरूरतों को पूरा करने वाला होना चाहिए। अपने फोन को साफ करें और अपने तकिये धोएंः 5. अगर आप अपना फोन बार–बार छूते हैं तो इस पर गंदगी और कीटाणु जमा होने लगते हैं, फिर जब आप अपना फोन अपने कानों पर लगाते हैं तो कीटाणु चेहरे ट्रांसफर होने लगते हैं। इसलिए इसे अल्कोहल बेस्ड वाइप्स से रोजाना साफ करें। 6. तकिये पर काफी मात्रा में गंदगी, पसीना और कीटाणु आदि एकत्रित हो जाते हैं, जो चेहरे पर चिपककर त्वचा संबंधी समस्याओं का कारण बनते हैं। इसलिए हफ्ते में एक बार इसे साफ जरूर करें।

रात को मेकअप साफ करना है जरूरी और मेकअप ब्रश को भी करें साफः 7. अगर आप रात को मेकअप साफ किए बिना सो जाते हैं तो इससे त्वचा के रोमछिद्र बंद हो जाते हैं, जो मुंहासों के साथ–साथ समय से पहले बढ़ती उम्र के लक्षण उभरने का कारण बन सकता है, इसलिए रात को सोने से पहले अपने चेहरे से मेकअप को साफ करने की आदत बना लें। 8. मेकअप ब्रश को भी समय–समय पर साफ करना महत्वपूर्ण है क्योंकि गंदे मेकअप ब्रश में कीटाणुओं के पनपने की संभावना काफी बढ़ जाती है।

त्वचा को एक्सफोलिएट करें और गर्दन की करें देखभालः 9. गंदगी, डेड स्किन सेल्स और अन्य अशुद्धियां त्वचा की कोमलता को कम करने का मुख्य कारण मानी जाती हैं। इसलिए इनसे राहत पाना बहुत जरूरी है। इसके लिए अपनी त्वचा को हफ्ते में कम से कम दो बार एक्सफोलिएट करना बेहतर हो सकता है। 10. चेहरे के साथ ही गर्दन की देखभाल करना जरूरी है। अगर आपको अपनी गर्दन पर रूखापन महसूस होता है तो चेहरे को मॉइश्चराइज करते समय इसे भी मॉइश्चराइज करें।

## रश्मिका मंदाना ने इंडस्ट्री में पूरे किए 5 साल

साउथ इंडस्ट्री की खूबसूरत एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना ने इंडस्ट्री में अपने 5 साल पूरे कर लिए है। इन 5 सालों में एक्ट्रेस ने अपनी



मेहनत के दम पर इतने कम समय में फिल्म इंडस्ट्री में अपनी जो पहचान बनाईं है वो हर किसी के लिए इतना आसान नहीं होता। रश्मिका ने कन्नड़ सिनेमा के साथ–साथ तमिल, तेलुगु में भी अपना सिक्का जमा लिया है। यहां तक की अब वह बॉलीवुड इंडस्ट्री में भी अपना डेब्यू करने को तैयार है। फिल्म इंडस्ट्री में 5 साल पूरे करने पर रश्मिका ने सोशल मीडिया पर अपनी खुशी जाहिर की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करते हुए अपने चाहने वालों को यह भी बताया कि इन पॉच वर्षों में उन्होंने क्या–क्या सीखा। एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर एक मुस्कुराती हुई तस्वीर शेयर की और एक लंबा चौड़ा नोट लिखा। रश्मिका ने लिखा, फिल्म इंडस्ट्री में पॉच साल हो गएं है। वाह!! यह सब कैसे हुआ। इन पॉच सालों में मैनें कुछ चीजें सीखी है। समय बहुत जल्दी बीतता है, इसलिए हर दिन खूबसूरत यादें बनाइये। दिल से किस तरह से खुश होना चाहिए ... मैं बहुत खुश हूं। मैंने यह महसूस किया है कि जिंदगी में कुछ भी आसान नहीं होता। हमेशा चलते रहिये और उसके लिए लडिये जो आप चाहते हैं। इसी के साथ उन्होंने यह भी कहा कि धैर्य रखिए। सब अच्छा होगा। लोग आपको हमेशा कुछ ना कुछ सिखाते हैं, तो हमेशा सीखने के लिए तैयार हो जाएं। इसी तरह एक–एक कर एक्ट्रेस ने इन पॉच सालों में सीखने वाली पूरी नौं बातें अपने फैंस के साथ शेयर की है। रश्मिका के इस पोस्ट पर फैंस कमेंट्स कर उन्हें बधाईयाँ दे रहें हैं और साथ ही अपना प्यार बरसा रहें हैं। एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह इन दिनों अपनी हालिया रिलीज हुई फिल्म पुष्पा द राइज को लेकर लाइमलाइट में बनी हुई है। इस फिल्म में उनके साथ अल्लू अर्जुन भी है। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाया हुआ है। इसी के साथ रश्मिका फिल्म मिशन मजनू से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली है, जिसमें सिद्धार्थ मल्होत्रा लीड रोल में है। इसके अलावा वह अमिताभ बच्चन के साथ फिल्म गुडबाय में भी दिखाई देगी।






## हीरा मंडी के लिए संजय लीला भंसाली के ऑफर को मुमताज ने किया था रिजेक्ट



संजय लीला भंसाली काफी समय से अपने ड्रीम प्रोजेक्ट हीरा मंडी को लेकर चर्चा में हैं। वह इस प्रोजेक्ट को एक फीचर फिल्म के तौर पर प्रस्तुत करना चाहते थे। हालांकि, बदले हुए परिस्थितियों के कारण वह इसे वेब सीरीज के रूप में बना रहे हैं। अब खबर सामने आ रही है कि हीरा मंडी के लिए भंसाली ने दिग्गज अभिनेत्री मुमताज को अप्रोच किया था। हालांकि, मुमताज ने इस ऑफर को रिजेक्ट कर दिया था। रिपोर्ट के अनुसार, भंसाली ने अपनी वेब सीरीज हीरा मंडी के लिए सदाबहार अभिनेत्री मुमताज से संपर्क किया था। कहा जा रहा है कि उन्होंने इस प्रोजेक्ट के लिए अपनी हामी नहीं भरी। एक सूत्र ने बताया, भंसाली ने उस अभिनेत्री को अप्रोच किया था, जिसकी बहुत बड़ी फैन फॉलोइंग है और जिन्होंने हमें 1960 और 1970 के दशक में कई ब्लॉकबस्टर फिल्में दी हैं। वह वापसी के मूड में नहीं हैं। सूत्र ने आगे बताया कि मुमताज को महत्वपूर्ण भूमिका के लिए संपर्क किया गया था। ऐसी चर्चा है कि सीरीज में उन्हें मुजरा करने के लिए कहा गया था। सूत्र की मानें तो मुमताज ने यह कहते हुए मना कर दिया कि उनके पति को इस उम्र में उनका डांस पसंद नहीं आएगा। भंसाली दिग्गज स्ट्रीमिंग कंपनी नेटफ्लिक्स के लिए इस सीरीज का निर्माण कर रहे हैं। सीरीज का प्रसारण नेटफ्लिक्स पर ही होने वाला है। 74 वर्षीया मुमताज के अभिनय ने सभी का दिल जीता। उन्हें फिल्म खिलौना के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला था। उन्होंने अभिनय करियर की शुरुआत फिल्म सोने की चिडिया से बाल कलाकार के तौर पर की थी। उनकी आखिरी फिल्म नागिन थी। इस सीरीज के पहले सीजन में सात एपिसोड होंगे। पहले एपिसोड का निर्देशन खुद भंसाली कर रहे हैं। सीरीज के बाकी बचे एपिसोड का निर्देशन विभु पुरी करेंगे। इस सीरीज में म्यूजिक की कमान इस्माइल दरबार संभाल रहे हैं। उन्होंने आखिरी बार भंसाली के साथ फिल्म देवदास में काम किया था। ऐसी चर्चा है कि इस सीरीज में 18 महिला कलाकारों की उपस्थिति होगी। गंगूबाई काठियावाड़ी का काम पूरा होने के बाद भंसाली इस प्रोजेक्ट में लग गए हैं। हीरा मंडी में हुमा कुरैशी और सोनाक्षी सिन्हा सेक्स वर्कर की भूमिका में दिखेंगी। सोनाक्षी ने सीरीज के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। सीरीज में वह मुजरा करती हुईं नजर आ सकती हैं। सीरीज भारत–पाकिस्तान विभाजन के दौरान वेश्याओं और उनके अमीर ग्राहकों के जीवन के इर्दगिर्द घूमती है। कई पुरुष अभिनेता भी इसमें मुख्य भूमिकाओं में दिखेंगे। हाल में हीरा मंडी के पहले सीजन के लिए नेटफ्लिक्स ने 35 करोड़ रुपये चुकाए हैं।

## फिर दिखेगा बड़े मियां छोटे मियां का जलवा, अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की बनेगी जोड़ी!



बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार यानी कि अक्षय कुमार इस समय भी इंडस्ट्री के सबसे बड़े एक्शन हीरो की गिनती में टॉप पर आते हैं. उनकी एक्शन फिल्मों की लिस्ट बहुत लंबी है. खबर आ रही है कि अक्षय कुमार के साथ इस नए जमाने के एक्शन हीरो टाइगर श्रॉफ नजर आने वाले हैं. एक्शन के दीवानों के लिए ये खबर बहुत ही बड़ी होने वाली है. टाइगर श्रॉफ इस जमाने के एक्शन हीरो का टैग पा चुके हैं और अक्षय कुमार आज भी अपने एक्शन से लोगों के चहेते बने हुए हैं. रिपोर्ट के अनुसार, अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ, अली अब्बास जफर के निर्देशन में बनने वाली अगली फिल्म में दिखाई देने वाले हैं. रिपोर्ट में ये भी बताया गया है कि इस फिल्म का टाइटल श्बड़े मियां छोटे मियांश् हो सकता है. मेकर्स की योजना है कि इस फिल्म को गोविंदा और अमिताभ बच्चन की आई फिल्म श्बड़े मियां छोटे मियांश् के तर्ज पर बनाया जाए. ये फिल्म नए जमाने की कहानी को उसी तर्ज पर दिखाएगी. 1998 में आई इस कॉमेडी फिल्म में अमिताभ और गोविंदा दोनों ही डबल रोल में नजर आए थे. इसमें रवीना टंडन और राम्या कृष्णन भी नजर आईं थीं. इस फिल्म को डेविड धवन ने डायरेक्ट किया था. ऐसी संभावना है कि नए जमाने की इस श्बड़े मियां चाहते मियांश् के निर्देशन की जिम्मेदारी अली अब्बास जफर को मिलेगी. इसे वाशु भगनानी, जैकी भगनानी और दीपशिखा भगनानी प्रोड्यूस करेंगे. रिपोर्ट में जिक्र किया है कि इस बारे में उन्होंने अली अब्बास जफर और वाशु भगनानी दोनों से कांटेक्ट किया लेकिन उन्होंने इस पर कोई जवाब नहीं दिया लेकिन दावा है कि ये दोनों इस प्रोजेक्ट पर काम करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं. इस फिल्म की रिलीज की 2023 में होने की संभावना है. अक्षय कुमार इसके पहले वाशु भगनानी के साथ श्बेल बॉटमश् में काम कर चुके हैं और वो आने वाली फिल्म श्सिंड्रेलाश् भी इन्हीं के प्रोडक्शन में कर रहे हैं. साथ ही साथ टाइगर भी इनके प्रोडक्शन की फिल्म श्गणपतश् की शूटिंग में व्यस्त हैं. दोनों के साथ आने पर उनके फैंस में बहुत खुशी होगी. अक्षय की फिल्म श्पृथ्वीराजश् वो अगले साल जनवरी में रिलीज होगी. इसके अलावा अक्षय की कई फिल्में लाइन में हैं. वो श्अतरंगी रेश्, श्बच्चन पांडेश्, श्रक्षा बंधनश्, श्ओएमजी2श्, श्राम सेतुश्, श्गोरखाश् में नजर आने वाले हैं. अक्षय इस समय इंडस्ट्री के सबसे व्यस्ततम कलाकारों में से एक हैं.

## फ्रॉस्टबाइट क्या है इससे कैसे बचा जा सकता है?



फ्रॉस्टबाइट एक तरह का त्वचा से जुड़ा घाव है। यह तब होता है, जब आप अत्यधिक ठंडे तापमान के संपर्क में आते हैं। खासकर, बर्फीली जगहों पर इस स्थिति का सामना करना पड़ सकता है। आमतौर पर फ्रॉस्टबाइट पैर और हाथों की उंगलियों, कान, नाक और ठुड्डी को प्रभावित करता है और प्रभावित हिस्से की त्वचा को ठंडा, सख्त और सुन्न कर देता है। आइए आज हम आपको फ्रॉस्टबाइट से बचने के कुछ तरीके बताते हैं।

लक्षण

फ्रॉस्टबाइट के लक्षणः त्वचा का अधिक ठंडा, लाल होना, त्वचा का पपड़ीदार होना, जलन महसूस होना, सुन्नपन और खुजली फ्रॉस्टबाइट का शुरूआती लक्षण है। इसके अतिरिक्त, त्वचा का सख्त होना और हाथों या पैरों की उंगलियों पर फफोले पडना भी फ्रॉस्टबाइट के मुख्य लक्षण हैं। अगर स्थिति गंभीर हो जाती है तो त्वचा का रंग बदलकर काला होने लगता है। वहीं, मांसपेशियों और हड्डियों में दर्द या अकडन होना भी फ्रॉस्टबाइट के लक्षण हैं।

हल्के, ढीले और आरामदायक गर्म कपड़े पहनेंः अगर आप किसी बर्फीली जगह पर घूमने जा रहे हैं तो वहां टाइट कपड़े से पहने से बचें क्योंकि इससे फ्रॉस्टबाइट होने की संभावना बढ़ जाती है। बेहतर होगा कि आप हल्के, ढीले और आरामदायक कपड़े पहनें, जो ठंडी हवा से आपको बचाने में मदद करें। उदाहरण के लिए सबसे पहले आप अपने शरीर को एक हल्का थर्मल पहनें, फिर दूसरी परत ऊनी कपड़े की पहनें। अंत में कपड़े की तीसरी परत वाटरप्रूफ और विंडप्रूफ होनी चाहिए।

टोपी, स्कार्फ, जुराबें और दस्तानों को पहनना न भूलें

कपड़ों के साथ ही स्कार्फ और टोपी भी पहनें। स्कार्फ की मदद से आपकी गर्दन ठंडी हवाओं के दुष्परिणामों से बच सकती है। वहीं, टोपी की मदद से सिर और कान को ठंड से बचाया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, जुराबों और दस्तानों को पहनना न भूलें क्योंकि ये चीजें भी बहुत जरूरी होती हैं। दरअसल, अगर पैर और हाथ पर ठंडी हवा लगेगी तो इससे आपको फ्रॉस्टबाइट का सामना करना पड़ सकता है।

पानी का सेवन है बेहद जरूरी

अगर किसी बर्फीली जगह पर घूमने जा रहे हैं तो इस दौरान आपके शरीर का हाइड्रेट रहना बहुत जरूरी है क्योंकि डिहाइड्रेशन की समस्या फ्रॉस्टबाइट होने की संभावना को बढ़ा सकती है। इसलिए पर्याप्त मात्रा में पानी का सेवन जरूरी है। अगर आप चाहें तो पानी की कमी को पूरा करने के लिए पालक, टमाटर, गाजर, संतरा और सेब जैसी सब्जियों और फलों को भी अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं। वहीं, नशीले पेय पदार्थों के सेवन से बचें।